दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



ब्लड कैंसर न करें इग्नोर....



बचाव के उपाय ....

वर्ष : 12 अंक : 149 लखनऊ, 22 मई, शुक्रवार 2026 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### यूपी के विश्वविद्यालयों व कॉलेजों में यूनिफॉर्म



**लखनऊ।** यूपी के विश्वविद्यालयों व डिग्री कॉलेजों में पढ़ रहे छात्रों के लिए अब यूनिफॉर्म अनिवार्य कर दिया गया है। विद्यार्थियों के बीच समानता व अनुशासन को बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के निर्देश पर 24 घंटे के भीतर ही उच्च शिक्षा विभाग की ओर से इसे लागू करने का आदेश जारी कर दिया गया है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय का कहना है कि विश्वविद्यालय व कॉलेजों में अब ड्रेस कोड अनिवार्य होगा।

### हीटवेव के चलते पटना में 5वीं तक के स्कूल बंद



**पटना।** जिले में भीषण गर्मी और हीटवेव को देखते हुए 5वीं तक के स्कूल बंद कर दिए गए हैं। डीएम त्यागाराजन ने कक्षा 6 से 8 का समय भी बदल दिया है। छठी से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं की छुट्टी सुबह 10.30 बजे तक हर हालत में कर दी जाएगी। डीएम ने जिले के सभी निजी एवं सरकारी स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों और प्री स्कूलों के लिए यह आदेश जारी किया।

### झारखंड में 27 नक्सलियों ने एक साथ किया सरेंडर



**रांची।** झारखंड पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। यहां डीजीपी तदाशा मिश्रा के सामने कुल 27 माओवादियों ने सरेंडर किया है। मिली जानकारी के अनुसार, झारखंड के इतिहास में ये अब तक का सबसे बड़ा सरेंडर है। झारखंड की डीजीपी तदाशा मिश्रा ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन सीपीआई(M) से जुड़े 27 माओवादियों ने झारखंड पुलिस, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ यूनिट के सामने अपने हथियार डाल दिए ।

## हर गांव में स्थापित होंगे 'गोपैथी सेंटर'

प्रदेश सरकार ने अब राज्य के हर गांव में "गोपैथी सेंटर" स्थापित करने की अपनी तैयारियों को तेज कर दिया है। इस महत्वाकांक्षी योजना का मुख्य उद्देश्य प्राचीन पंचगव्य आधारित चिकित्सा पद्धति को आधुनिक वैज्ञानिक पहचान दिलाना और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार व आर्थिक समृद्धि का एक मजबूत डिजिटल और जमीनी नेटवर्क तैयार करना है।

# योगी सरकार गांव-गांव खोलेगी सेंटर, लाइलाज बीमारियों के इलाज में मिलेगी मदद ,ग्रामीण क्षेत्रों में आएगी समृद्धि

**अमन लेखनी समाचार/ लखनऊ,**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजनरी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अब गो संरक्षण को ग्रामीण अर्थव्यवस्था, वैज्ञानिक कृषि और अत्याधुनिक चिकित्सा अनुसंधान से जोड़कर एक अभूतपूर्व सामाजिक-आर्थिक मॉडल पेश करने जा रहा है। प्रदेश सरकार ने अब राज्य के हर गांव में "गोपैथी सेंटर" स्थापित करने की अपनी तैयारियों को तेज कर दिया है। इस महत्वाकांक्षी योजना का मुख्य उद्देश्य प्राचीन पंचगव्य आधारित चिकित्सा पद्धति को आधुनिक वैज्ञानिक पहचान दिलाना और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार व आर्थिक समृद्धि का एक मजबूत डिजिटल और जमीनी नेटवर्क तैयार करना है।



### पंचगव्य से असाध्य बीमारियों का इलाज

उत्तर प्रदेश में विकसित हो रहे इस नए चिकित्सा मॉडल को आयुष और आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान से सीधे जोड़ा जा रहा है। आयुर्वेद की प्राचीन परंपराओं के अनुसार, गाय से प्राप्त पांच अमृत तत्वों—दूध, दही, घी, गोमूत्र और गोबर—के मिश्रण से तैयार उत्पाद मधुमेह (डायबिटीज), माइग्रेन, लकवा (पैरालिसिस), हृदय रोग और त्वचा संबंधी गंभीर विकारों में मुख्यधारा की चिकित्सा के साथ एक प्रभावी पूरक भूमिका निभा सकते हैं। इसे चिकित्सा जगत में "गोपैथी थेरेपी" के नाम से जाना जाता है, जिस पर बड़े पैमाने पर क्लीनिकल अध्ययन किए जाने की रूपरेखा तैयार की गई है।

### गोशालाएं बनेंगी ग्रामीण उद्योगों की रीढ़

योगी सरकार की इस योजना का एक बड़ा सिरा ग्रामीण विकास और सूक्ष्म उद्यमिता से जुड़ा है। अब प्रदेश की गोशालाएं महज संरक्षण केंद्र न रहकर जैविक कृषि और पंचगव्य उत्पाद निर्माण के औद्योगिक केंद्रों के रूप में काम करेंगी। इसके तहत ग्रामीण युवाओं, महिलाओं और स्थानीय किसानों को आधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण दिया जाएगा। गांव के स्तर पर ही पंचगव्य आधारित रोजमर्रा के उत्पाद जैसे मंजन, औषधीय मरहम, अर्क और साबुन तैयार किए जाएंगे। सरकार इन उत्पादों की मार्केटिंग और ब्रांडिंग के लिए एक मजबूत सप्लाई चेन भी विकसित कर रही है।

### मई की सैलरी के साथ देने की तैयारी

# 16 लाख अधिकारियों व कर्मचारियों को मिलेगा 2% बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता

*उत्तर प्रदेश सरकार 16 लाख कर्मचारियों को मई के वेतन के साथ 2% बढ़े महंगाई भत्ते का लाभ देने की तैयारी कर रही है। इससे उनका डीए 58% से बढ़कर 60% हो जाएगा, जिसकी पत्रावली जल्द मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी।*

**राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख /लखनऊ,**

राज्य सरकार के अधिकारियों व कर्मचारियों को जून में मिलने वाले मई के वेतन के साथ दो प्रतिशत बढ़े महंगाई भत्ता का लाभ दिए जाने की तैयारी है। वित्त विभाग ने बढ़े दर से महंगाई भत्ते के भुगतान से संबंधित पत्रावली तैयार कर लिया है। पत्रावली को स्वीकृति के लिए जल्द ही मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। दो प्रतिशत वृद्धि के बाद महंगाई भत्ता 58 से बढ़कर 60 प्रतिशत हो जाएगा। महंगाई भत्ता में हुई इस वृद्धि का लाभ राज्य के लगभग 16 लाख अधिकारियों व कर्मचारियों को मिलेगा। बढ़े दर से महंगाई भत्ते का लाभ कार्मिकों को जनवरी माह से दिया जाना है। जनवरी से अप्रैल तक का एरियर सरकार पूर्व की तरह कार्मिकों के जीपीएफ खाते में जमा कराएगी, जबकि मई से इसका भुगतान कार्मिकों के वेतन में जोड़कर किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने 22 अप्रैल को ही केंद्रीय कर्मचारियों व अधिकारियों को दो प्रतिशत वृद्धि के साथ महंगाई भत्ता के भुगतान का आदेश जारी कर दिया था। केंद्र सरकार द्वारा बढ़े डीए के भुगतान का आदेश जारी कर दिए जाने के बाद ही राज्य सरकार अपने कार्मिकों को भी बढ़े दर से डीए दिए जाने का आदेश करती है।



### 28 लाख से ज्यादा लोगों को मिलेगा लाभ

सरकार के इस फैसले का फायदा प्रदेश के करीब 16 लाख सरकारी कर्मचारियों और शिक्षकों के साथ लगभग 12 लाख पेंशनर्स को मिलेगा। बढ़ती महंगाई के बीच यह निर्णय कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। माना जा रहा है कि इससे कर्मचारियों की क्रय शक्ति बढ़ेगी और घरेलू खर्चों को संभालने में मदद मिलेगी।

### जनवरी 2026 से लागू होगा नया डीए

वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता 1 जनवरी 2026 से लागू माना जाएगा। इसके तहत कर्मचारियों और पेंशनर्स को अब 60 प्रतिशत की दर से डीए का भुगतान किया जाएगा। राज्य सरकार ने यह फैसला केंद्र सरकार द्वारा महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी के बाद लिया है।

### यूपी में स्मार्ट होगी आयुर्वेद और होम्योपैथी की पढ़ाई

यूपी में आयुष चिकित्सा शिक्षा को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में योगी सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। आयुष कॉलेजों के विद्यार्थियों को स्मार्ट क्लास की सौगात देने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत प्रदेश के 17 आयुर्वेद और होम्योपैथी मेडिकल कॉलेजों में 51 स्मार्ट क्लास रूम विकसित किए जाएंगे। इन स्मार्ट क्लासों में अत्याधुनिक डिजिटल तकनीक और लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) का उपयोग किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक और इंटरैक्टिव शिक्षा का अनुभव मिल सकेगा। आयुर्वेद और होम्योपैथी की पढ़ाई स्मार्ट होगी। आयुष महानिदेशक एवं मिशन निदेशक चैत्रा वी. ने बताया कि सीएम की मंशा के अनुरूप आयुष कॉलेजों में स्मार्ट क्लास रूम संचालित किए जाएंगे। इनमें इंटरएक्टिव फ्लैट पैनल (आईएफपी), ऑडियो-वीडियो सिस्टम और डिजिटल लर्निंग टूल्स का उपयोग किया जाएगा।

### सम्राट चौधरी और तेजस्वी यादव में हुई गुफ्तगू

# नेता प्रतिपक्ष बोले- हम लोग एक ही दल में थे

सभापति अवधेश नारायण सिंह ने सोनू राय को शपथ दिलाई



**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बीच हुई गुफ्तगू सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बन गई है। बिहार विधान परिषद में नवनिर्वाचित एमएलसी के शपथ ग्रहण समारोह में दोनों नेताओं की मुलाकात हुई। इस दौरान सम्राट और तेजस्वी ने एक-दूसरे से हाथ मिलाया। दोनों नेताओं के बीच चंद सेकंड की छोटी सी बातचीत भी हुई। राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी से जब इस बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि हम लोग एक ही दल में थे।

### एमएलसी सोनू कुमार राय का शपथ ग्रहण

बिहार विधान परिषद में गुरुवार को भोजपुर बक्सर स्थानीय प्राधिकार सीट पर उपचुनाव में जीत दर्ज करने वाले आरजेडी एमएलसी सोनू कुमार राय का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित हुआ। विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने सोनू राय को शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी मौजूद रहे।

### दोनों ने गर्मजोशी से एक-दूसरे से हाथ मिलाया

मंच पर सभापति के एक तरफ सीएम सम्राट और दूसरी तरफ तेजस्वी सीट पर बैठे। कार्यक्रम के दौरान सीएम और नेता प्रतिपक्ष के बीच गुफ्तगू हुई।





# 21 मिनट में तय होगी दिल्ली से जेवर एयरपोर्ट की दूरी

## रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम परियोजना का डीपीआर तैयार, भारत सरकार को भेजा गया

**अमन लेखनी समाचार**

**लखनऊ।** औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने गुरुवार को पिकप भवन सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के विकास कार्यों, संचालित योजनाओं एवं एक्सप्रेसवे के किनारे विकसित किए जा रहे आद्योगिक क्षेत्रों के विकास पर विस्तृत समीक्षा की। जिसमें मंत्री नन्दी ने अधिकारियों को अपनी कार्यशैली में बदलाव लाने, कारपोरेट कल्चर अपनाने के साथ ही अपने कार्यों का लक्ष्य स्वयं निर्धारित करने एवं क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत व मेंटीनेंस कार्य बेहतर करने के दिए निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में मंत्री नन्दी ने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर के उद्घाटन के साथ ही पूरा क्षेत्र अब महत्वपूर्ण कार्गो हब बनने जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली से जेवर एयरपोर्ट की दूरी को कम से कम समय में पूरा किया जा सके, इसके लिए रेल एवं रैपिड रेल





- **कॉमर्शियल फ्लाइट की शुरुआत के साथ चलेंगी पांच हाइड्रोजन बसें**

कनेक्टिविटी को लेकर भी महत्वपूण कदम उठाए जा रहे हैं। दिल्ली से जेवर एयरपोर्ट को जोडने वाली रिजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आर.आर.टी.एस) परियोजना का डी.पी.आर. राज्य सरकार की ओर से स्वीकृत कर शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार को भेजा गया है। इसके साथ ही रेल मंत्रालय की ओर से यमुना प्राधिकरण के औद्योगिक सेक्टर एवं जेवर एयपोर्ट को जोडने के लिए चोला-संधि रेल लाईन से जोडने के लिए डी.पी.आर. तैयार किया जा रहा है। भविष्य की दिल्ली वाराणसी हाईस्पीड रेल लाईन को जेवर एयरपोर्ट के टर्मिनल पर एक स्टेशन बनाकर जोडने का प्राविधान डी.पी.आर. में किया गया जिससे दिल्ली की कनेक्टविटी केवल 21 मिनट पूरी की जा सकेगी। बैठक में बताया गया कि यमुना एक्सप्रेसवे आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे की कनेक्टविटी के साथ ही प्रदेश के अन्य एक्सप्रेसवे यथा बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे, पूर्वाचल एक्सप्रेसवे, दिल्ली मुम्बई एक्सप्रेसवे एवं गंगा एक्सप्रेसवे से जुड़ रहा है जिससे यह क्षेत्र कनेक्टविटी के दृष्टिगत अद्वितीय है। मंत्री नन्दी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को भू अर्जन का भुगतान ऑनलाइन फास्ट मोड में किया जाए। ऐसा सिस्टम बनाया जाए कि मानचित्र के लिए एनओसी लेने के लिए लोगों को जगह-जगह दौड़ना न पड़े। साथ ही प्लॉट से सम्बंधित बहुत सी जानकारियों को लाइव किए जाने एवं वर्तमान व भविष्य में एआई की उपयोगिता को देखते हुए प्राधिकरण के कार्मिकों को एआई की ट्रेनिंग दिए जाने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने मंत्री नन्दी ने को बताया कि हाथरस का मास्टर प्लान बनाया जा रहा है। हाथरस में अर्बन सिटी बनाया जाएगा। हाथरस के बाद आगरा तक यमुना एक्सप्रेसवे का विस्तार होगा। टप्पल बाजना में 4700 एकड़ भूमि पर अर्बन सिटी विकसित किए जाने के योजना की जानकारी दी। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में जहाँ उत्तर भारत की सबसे बड़ी एचसीएल- फॉक्सकॉन की सेमीकन्डक्टर चिप बनाने की यूनिट लग रही है, वहीं यहाँ पर सबसे बडा इलेक्ट्रानिक मैम्युफैक्करिंग कलस्टर का निर्माण हो रहा है। औद्योगिक पार्कों जैसे अपैरल पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क, टॉय पार्क, एम.एस.एम.ई. पार्क, हैण्डिकाफ्ट पार्क, डेटा पार्क आदि के विकास से औद्योगिकरण को बढ़ावा मिला है, वहीं कनेक्टविटि की बेहतर स्थिति एवं जेवर एयरपोर्ट के कारण प्राधिकरण के साथ-साथ एन.सी.आर. रीजन में निवेश के लिए एक सकारात्मक वातावरण तैयार हुआ है, जो 25 वर्ष की यात्रा का एक अहम प्रतिफल है। आगामी वर्षों में प्राधिकरण क्षेत्र में औद्योगिक अवस्थापना का और संरचनात्मक विकास होगा, जिससे रोजगार के अवसर बढेगें, विर्निमाण एवं निर्यात को प्रोत्साहन मिलेगा। समीक्षा बैठक में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर के उद्घाटन के साथ ही 15 जून से कॉमर्शियल फ्लाइट की शुरूआत हो रहीं है। कॉमर्शियल फ्लाइट की शुरूआत के साथ ही यीडा की ओर से यात्रियों की ट्रांसपोर्रटेशन सुविधा के लिए पांच हाइड्रोजन बसों को चलावाया जाएगा। जो परी चौक से जेवर एयरपोर्ट तक फ्लाइट के शिड्यूल के अनुसार चलेंगी। साथ ही दिल्ली, हरियाणा के साथ ही अन्य क्षेत्रों से ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी के लिए बसें चलाई जाएंगी।

# देश का सबसे बड़ा गोपैथी केंद्र बनेगा यूपी, गांव-गांव खुलेंगे गोपैथी सेंटर

**अमन लेखनी समाचार**

**लखनऊ।** प्रदेश में गो संरक्षण को ग्रामीण अर्थव्यवस्था, वैज्ञानिक कृषि, रोजगार और पंचगव्य आधारित चिकित्सा एवं अनुसंधान से जोड़कर एक बड़े परिवर्तनकारी मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने गांव-गांव गोपैथी सेंटर स्थापित करने की दिशा में तैयारी तेज कर दी है। इसके जरिए पंचगव्य आधारित चिकित्सा पद्धति को नई पहचान देने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार और आर्थिक समृद्धि का मजबूत नेटवर्क तैयार किया जाएगा।

योगी सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य गो सेवा को आर्थिक विकास और स्वास्थ्य क्षेत्र से जोड़ना है, ताकि गोशालाएं केवल संरक्षण केंद्र न रहकर जैविक कृषि, पंचगव्य उत्पाद निर्माण और ग्रामीण उद्योगों की नई ताकत बन सकें।

प्रदेश में विकसित किए जा रहे पंचगव्य आधारित चिकित्सा मॉडल को आयुष एवं वैज्ञानिक अनुसंधान से जोड़ने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। आयुर्वेदिक परंपराओं के अनुसार पंचगव्य आधारित उत्पाद मधुमेह, माइग्रेन, लकवा, हृदय रोग, त्वचा संबंधी समस्याओं, पाचन संबंधी विकारों तथा श्वसन संबंधी समस्याओं में मुख्यधारा चिकित्सा के साथ सहायक एवं पूरक भूमिका निभाने की संभावनाओं के लिए अध्ययन का विषय हैं। पंचगव्य थेरेपी, जिसे गोपैथी भी कहा जाता है, आयुर्वेद की प्राचीन चिकित्सा पद्धति पर आधारित अवधारणा है। इसमें गाय से प्राप्त पांच प्रमुख तत्व दूध, दही, घी, गोमूत्र और गोबर का उपयोग विभिन्न औषधीय मिश्रणों, अर्क एवं अन्य उत्पादों के रूप में किया जाता है। योगी सरकार की योजना के तहत गोशालाओं को आधुनिक तकनीक से विकसित कर ग्रामीण युवाओं, महिलाओं और किसानों को इससे जोड़ा जाएगा। गांव स्तर पर पंचगव्य आधारित मंजन, मरहम और अन्य उत्पाद तैयार किए जाएंगे। इससे स्थानीय स्तर पर उत्पादन, विपणन और रोजगार का एक नया आर्थिक चक्र विकसित होगा। इससे न केवल गोशालाओं की उपयोगिता बढ़ेगी, बल्कि गांवों में बड़े पैमाने पर स्वरोजगार और सूक्ष्म उद्यमिता को भी बढ़ावा मिलेगा। गो आधारित उत्पादों की उपलब्धता और विपणन की व्यवस्था को भी मजबूत किया जाएगा। प्रदेश में पंचगव्य आधारित उत्पादों को आयुष प्रणाली और वैज्ञानिक अनुसंधान से जोड़ने की दिशा में कार्य जारी है। पंचगव्य आधारित उत्पादों के संबंध में रोग प्रतिरोधक क्षमता, त्वचा की देखभाल, पाचन सहायता तथा स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न संभावित उपयोगों पर भी अध्ययन किए जा रहे हैं। इन क्षेत्रों में व्यापक वैज्ञानिक एवं क्लीनिकल अनुसंधान की दिशा में प्रयास किए जा हैं। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने कहा कि यह मॉडल बड़े स्तर पर लागू किया जा रहा है, जिसके जरिए उत्तर प्रदेश देश में गोपैथी सेंटर का सबसे बड़ा केंद्र बन जाएगा।

## संक्षेप

### ट्यूबल की एबीसी लाइन शातिर चारों ने की पार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम भुलभुला खेड़ा निवासी संजीत यादव के खेत में लगे ट्यूबल की एबीसी लाइन अज्ञात चोरों ने चोरी कर फरार हो गए किसान ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। संजीत यादव ने तहरीर के माध्यम से बताया कि उनके खेत में ट्यूबल लगा हुआ है, जिसका विद्युत कनेक्शन उनके बाबा छोटेलाल के नाम पर है। आरोप है कि बुधवार देर रात अज्ञात चोरों ने सात पोल की एबीसी विद्युत लाइन चोरी कर ली और खंभा भी क्षतिग्रस्त कर दिया। बृहस्पतिवार सुबह किसान के खेत पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई। आसपास काफी तलाश की गई, लेकिन चोरी किए गए तारों और चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद उन्होंने विद्युत विभाग और पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची विद्युत विभाग टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है जांच उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### चोरों ने घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल किया पार, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों चोरों ने घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी कर ली। जानकारी होने के बाद पीड़ित ने सरोजनी नगर थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनी नगर के मिश्रा कॉलोनी निवासी अंकित दुबे के मुताबिक बीती 28 अप्रैल की रात उनकी हीरो होंडा स्प्लेंडर एनएक्सजी (यूपी-32 सीक्यू-5035) घर के सामने खड़ी थी। तभी रात में कोई अज्ञात चोर बाइक चोरी कर फरार हो गया। सुबह जानकारी होने पर अंकित दुबे ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित का कहना है कि पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखने पर एक अज्ञात व्यक्ति बाइक ले जाते हुए दिखाई दिया है। फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों के सहारे चोरों का सुराग लगा रही है।

# दोस्त को अस्पताल चलने का झांसा देकर अगवा करके पीटा

**अपहरण करके आंख में पट्टी बांधने के साथ मुंह में कपड़ा ठूंस कर युवक को से पीटा**

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में बुधवार को एक युवक ने अपने दोस्त को अस्पताल चलने का झांसा देकर कार से अगवा कर लिया और बाद में स्कार्पियो सवार अपने तीन दोस्तों के सुपुर्द कर दिया। जहां स्कार्पियो सवार आरोपियों ने युवक को अपनी स्कॉर्पियो में डाल लिया और उसकी आंख में पट्टी बांधने के साथ मुंह में कपड़ा ठूंस कर रास्ते भर उसकी पिटाई कर सीतापुर ले गए। इस दौरान आरोपियों ने रिवाल्वर दिखाकर बेल्टों व लात घूसों से उसकी पिटाई की। बाद में कानपुर ले गए और एक कमरे में बंद कर उसकी पिटाई की गई। इसके बाद कमरे में बंद कर फरार हो गए। किसी तरह वहां से बचकर पहुंचे पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। सरोजनी नगर के गंगानगर, अमौसी निवासी गिरजेश सिंह (24) चालाक है और वह जरूरत पड़ने पर सरोजनी नगर प्रथम वार्ड की पार्षद गीता देवी गुप्ता की गाड़ी चलाता है। गिरजेश का कहना है कि 20 मई बुधवार दोपहर करीब 12 बजे अपने घर के पास खड़ा था। तभी उसके दोस्त अक्षांश सिंह ने अपने मोबाइल से कॉल कर उसे इमरजेंसी में अमौसी रेलवे स्टेशन के पास स्थित टीएस मिश्रा अस्पताल चलने को कहा। पीड़ित का कहना है कि जब वह अक्षांश सिंह की कार में बैठा तो कार में अक्षांश सिंह के मामा का बेटा रणंजय प्रताप सिंह भी था। गिरजेश का कहना है कि उनके साथ जब कार से गया, तो दोनों उसे टीएस मिश्रा अस्पताल के आगे चकौली स्थित आउटर रिंग रोड के पास ले गए। आरोप है की अक्षांश सिंह द्वारा की गई अपहरण की साजिश के तहत वहां पहले से ही स्कॉर्पियो में सवार संदीप सिंह चौहान, इशांत प्रताप सिंह सेंगर, यशस्वी ललित श्रीवास्तव उर्फ.यश मौजूद थे। पीड़ित का कहना है कि वहां पहुंचते ही सभी ने जबरन उसे उठाकर स्कॉर्पियो में डाल लिया। उसके बाद पिस्टल दिखाकर उसकी आंखों में पट्टी बांध दी और मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। बाद में सभी ने स्कॉर्पियो के अंदर मिलकर पिस्टल और लात घूसों, चप्पलों से बुरी तरह पिटाई की। इस दौरान आरोपियों ने पीड़ित गिरजेश का मोबाइल लेकर उसके घर के नंबर पर व्हाट्सएप कॉल की। आरोपियों ने पीड़ित के सिर पर पिस्टल तान कर कहा कि घर में बता दो एसटीएफ उठा ले गई है। उनकी इस दहशत से पीड़ित ने अपने घर में एसटीएफ द्वारा उठा ले जाने की झूठी बात बताई। पीड़ित का कहना है कि इस दौरान आरोपी उसकी बुरी तरह पिटाई करते हुए सीतापुर ले गए। उसका कहना है कि रास्ते भर इतनी पिटाई की गई कि उसके शरीर पर तमाम चोट के निशान बन गए। उसके बाद आरोपी कानपुर स्थित एक कमरे में ले गये। जहां उसकी बन्द कमरे में जमकर पिटाई की और उसे कमरे के अंदर बंद कर फरार हो गए। पीड़ित का कहना है कि आरोपी सभी अपराधी किस्म के लोग हैं। उन्होंने धमकी दी कि अगर किसी से बताओगे तो तुम्हारे परिवार की हत्या कर दूंगा। पीड़ित का कहना है कि स्कॉर्पियो में मेरे साथ मारपीट, गाली गलौज के साथ मोबाइल भी लूट लिया और मरणासन हालत में बंद कमरे के अंदर छोड़कर चले गए। तब उसे घर में रहने वाली महिला ने अपने बेटे की मदद से गुरुवार सुबह 4 बजे वहां से लेकर उन्नाव पहुंचाया। तब पीड़ित ने अपने घर वालों को मामले से अवगत कराया। इसके बाद पहुंचे घर वाले उन्नाव से उसे लेकर सरोजनी नगर थाने पहुंचे। जहां उन्होंने मामले की तहरीर थाने पर दी। वहीं पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों में मारपीट का मामला है। पीड़ित की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# अधिक मास : 15 जून तक शुभ कार्यों पर लगा विराम

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सनातन परंपरा में समय केवल तारीखों का हिसाब नहीं, बल्कि ब्रह्मांडीय संतुलन का विज्ञान माना गया है और इसी विज्ञान का सबसे अद्भुत उदाहरण है अधिक मास 17 मई से लेकर 15 जून तक रहेगा अधिक मास रहने वाला है। करीब 30 दिनों तक चलने वाला ये विशेष काल अधिक ज्येष्ठ मास कहलाता है। इस दौरान शुभ-मांगलिक कार्यों की मनाही रहती है. हालांकि अधिक मास को तप, साधना और भक्ति का सबसे श्रेष्ठ समय भी माना गया है। यह भगवान विष्णु की कृपा पाने का विशेष अवसर होता है। अधिक मास का आधार प्राचीन खगोल विज्ञान में छिपा है। हिंदू पंचांग सूर्य और चंद्रमा दोनों की गति पर आधारित होता है, जहां सौर वर्ष करीब 365 दिनों का होता है, वहीं चंद्र वर्ष करीब 354 दिनों का होता है। इस प्रकार हर साल करीब 11 दिनों का अंतर बन जाता है। तीन साल में यह अंतर करीब 33 दिनों का हो जाता है। तब पंचांग और ऋतु चक्र को संतुलित करने के लिए एक अतिरिक्त महीना जोड़ा जाता है, जिसे अधिकमास या पुरुषोत्तम मास कहते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, अधिक मास को सांसारिक कार्यों के बजाय आध्यात्मिक उन्नति के लिए रखा गया है। इसलिए इस दौरान विवाह, सगाई, गृह प्रवेश, मुंडन, नामकरण जैसे कार्यों को टालना शुभ माना जाता है। पितृ कर्म और बड़े शुभ आयोजन भी इस माह में नहीं किए जाते हैं। माना जाता है कि इस समय किए गए सांसारिक कार्य शुभ फल नहीं देते हैं। इसलिए इस दौरान शुभ कामों को करने की मनाही होती है। अधिक मास की पौराणिक कथाः कथा के मुताबिक जब ये अतिरिक्त महीना बना, तब किसी भी देवता ने इसे अपना नहीं माना. इस महीने को अपवित्र मानकर हर देवता ने ठुकरा दिया, सभी महीनों के अपने अधिपति थे, लेकिन इस महीने का कोई स्वामी नहीं था, तब दुखी होकर ये महीना भगवान विष्णु के पास पहुंचा।

# 'एरिया ऑफिसर ऐप' से होगा शिकायतों का डिजिटल निस्तारण

**शिकायतों के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए प्रदेश सरकार का निर्णय**

**मौके की फोटो और जियो-टैगिंग के साथ शत-प्रतिशत डिजिटल निरीक्षण अनिवार्य**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग से सम्बन्धित समस्याओ व शिकायतो के त्वरित व तात्कालिक समाधान की आवश्यकता पर बल दिया है। वीबी-जीरामजी (मनरेगा) योजना के अंतर्गत हो रहे कार्यों की निगरानी और शिकायतों के समाधान को लेकर विभाग द्वारा अहम कदम उठाया गया है। अब मनरेगा से सबंधित सभी शिकायतों की जांच और स्थलीय निरीक्षण अनिवार्य रूप से 'एरिया ऑफिसर मोबाइल एप्लीकेशन' से किया जाएगा। त्वरित और पारदर्शी निस्तारण के लिए प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि सीपीजीआरएएमएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली हर शिकायत का निस्तारण तय समयसीमा के भीतर प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। एरिया ऑफिसर ऐप के उपयोग से न केवल जांच प्रक्रिया में तेजी आएगी, बल्कि स्थलीय निरीक्षण की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। निरीक्षण के दौरान अधिकारी को मौके की लाइव फोटो और भौगोलिक स्थिति ऐप पर अपलोड करनी होगी। एरिया ऑफिसर ऐप के लिए तय किए गए लक्ष्यों को शत-प्रतिशत प्राप्त करना जरूरी होगा। आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग श्री जी एस प्रियदर्शी ने सभी जिलाधिकारियों, मुख्य विकास अधिकारियों और खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पोर्टल की शिकायतों की जांच में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। सभी जांच अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर ऐप के माध्यम से रिपोर्ट अपलोड करेंगे, जिससे गलत रिपोर्टिंग की संभावना पूरी तरह खत्म हो जाएगी। इस व्यवस्था के लागू होने से मनरेगा योजना के अंतर्गत प्रगतिशील कार्यों का निरीक्षण सुदृढ़ होगा और ग्रामीण विकास की योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभार्थियों तक पारदर्शिता के साथ पहुंच सकेगा।

# कसमंडी कलां में धार्मिक स्थल को लेकर विवाद, पुलिस बल तैनात

**मस्जिद और मकबरे को शिव मंदिर बताने पर गरमाया माहौल**

**लाखन आर्मी के प्रदर्शन के बाद प्रशासन अलर्ट**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। मलिहाबाद क्षेत्र में स्मृति द्वार विवाद के बाद अब कसमंडी कलां गांव में इतिहास और धार्मिक स्थलों को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। बृहस्पतिवार को दो पुराने ढांचों को लेकर दोनों समुदायों के बीच तनाव की स्थिति बन गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया है। जानकारी के अनुसार, लाखन आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज पासी बृहस्पतिवार को अपने समर्थकों के साथ कसमंडी कलां गांव पहुंचे। उन्होंने गांव में स्थित दो पुराने ढांचों को महाराजा कंसा पासी का स्मारक बताते हुए पास में मौजूद मस्जिद और मकबरे को प्राचीन शिव मंदिर होने का दावा किया। इससे पहले बुधवार को भी सूरज पासी अपने कार्यकताओं के साथ मौके पर पहुंचे थे और प्रदर्शन किया था। सूरज पासी का आरोप है कि 11वीं सदी में महाराजा राजपासी कंसा द्वारा बनवाए गए किले और शिव मंदिर को बाद में मकबरे का रूप दे दिया गया। उन्होंने इस संबंध में सोशल मीडिया पर वीडियो भी साझा की थी। साथ ही प्रशासन से मस्जिद में नमाज रोके जाने की मांग करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन में चेतावनी दी गई थी कि यदि उनके पूर्वजों की विरासत पर कथित कब्जे का मामला नहीं रुका तो 25 मई से अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर मुस्लिम पक्ष ने आरोप लगाया है कि कुछ लोगों ने धार्मिक स्थल और कब्रिस्तान परिसर में घुसकर तोड़फोड़ की, चप्पल पहनकर अंदर प्रवेश किया और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। इस संबंध में थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस प्रशासन सतर्क है। इंस्पेक्टर मलिहाबाद सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि फिलहाल स्थिति सामान्य है और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार निगरानी कर रही है।

# रहस्यमय ढंग से लापता हुआ किसान, परिजनों ने जताई अपहरण की आशंका

अमन लेखनी समाचार



लापता सत्यनारायण - फोटो

लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के नजर नगर निवासी सत्यनारायण यादव उर्फ परदेसी बाबा (55) रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गए परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं परिजनों ने अपहरण की आशंका जताई है। मलिहाबाद के नजर नगर निवासी विजय भान यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पिता सत्यनारायण बीते 12 मई को घर से नबीनगर गांव जाने की बात कहकर निकले थे, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटे। परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास काफी तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग सका। बेटे के मुताबिक 17 मई को मलिहाबाद थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। विजय भान यादव ने आरोप लगाया कि टिकरी खुर्द निवासी लल्लू यादव उर्फ वीरेंद्र उनके पिता को बाइक से मलिहाबाद-माल रोड स्थित अपने पेट्रोल पंप तक छोड़ने गया था। आरोप है कि वहां से नबीनगर निवासी नागेंद्र, सीताराम और सीताराम की पत्नी सियावती ने मिलकर उनके पिता को बाइक से बैठाकर अपहरण कर लिया। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि पेट्रोल पंप के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में सत्यनारायण दो बाइक सवारों से बातचीत करते दिखाई दे रहे हैं, जिनमें एक महिला भी मौजूद थी। कुछ देर बातचीत के बाद वह उसी बाइक पर बैठकर वहां से चले गए। पुलिस के अनुसार सत्यनारायण का मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है और उसकी अंतिम लोकेशन माल रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास मिली है। फिलहाल सीडीआर और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की विभिन्न बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

# शॉर्ट सर्किट से टायर रिपेयरिंग की दुकान के बाहर रखे टायर में लगी आग

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित पार्किंग नंबर चार के पास गुरुवार तड़के शॉर्ट सर्किट से लगी आग में टायर रिपेयरिंग की दुकान के बाहर रखे टायर जलकर नष्ट हो गए। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने आग पर काबू पाकर बड़ा हादसा होने से बचा लिया। उन्नाव जिले के तौरा गांव निवासी मोहम्मद शकील की ट्रांसपोर्ट नगर में टायर रिपेयरिंग की दुकान है और वह दुकान में ही रहते हैं। बताते हैं कि गुरुवार तड़के करीब तीन बजे दुकान के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन के तारों में अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया। तारों से निकली चिंगारी दुकान के बाहर रखे पुराने टायरों पर गिर गई, जिससे उनमें आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें उठने लगीं और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आग लपटें उठती देख उन्होंने तुरंत फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल टीम एक फायर टेंडर के साथ मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। पीड़ित मोहम्मद शकील ने बताया कि इस अग्निकांड में उनके करीब 15 हजार रुपये के पुराने टायर जलकर राख हो गए। वहीं समय रहते आग बुझा दिए जाने से आसपास की दुकानों तक आग फैलने से बच गई।

# लाइन से आगे गाड़ी लगाने को लेकर सीएनजी पंप पर बवाल, मारपीट और कुचलने आरोप वीडियो वायरल

अमन लेखनी समाचार



पीजीआई। पीजीआई थाना क्षेत्र के वृंदावन इलाके में स्थित सेक्टर-18 के एक सीएनजी पंप पर बुधवार शाम उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब लाइन से आगे गाड़ी लगाकर सीएनजी भरवाने को लेकर विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि मारपीट और जानलेवा हमले के आरोप लगने लगे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पीड़ित कृष्णदेव निवासी जगतखेड़ा, कल्ली पश्चिम के मुताबिक, वह 20 मई की शाम करीब 6:30 बजे सेक्टर-18 स्थित सीएनजी पंप पर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान लालबत्ती लगी एक गाड़ी संख्या यूपी 32 पीएन 1931 वहां पहुंची और बिना लाइन में लगे सीधे आगे जाकर सीएनजी भरवाने लगी। लाइन में लगे लोगों ने इसका विरोध किया। आरोप है कि गाड़ी सवारों ने बताया कि उनके घर में किसी की मृत्यु हो गई है, इसलिए जल्द सीएनजी भरवानी है। इस पर मौजूद लोगों ने मानवीय आधार पर उन्हें पहले सीएनजी भरवाने दी। लेकिन सीएनजी भरवाने के बाद मामला फिर गरमा गया। पीड़ित का आरोप है कि गाड़ी सवार कुछ दूरी पर जाकर रुके और फिर वापस आकर अभद्रता व गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर गाड़ी में सवार तीन लोगों ने मिलकर उनके साथ मारपीट की। इतना ही नहीं, आरोप है कि आरोपियों ने गाड़ी चढ़ाकर जान से मारने की कोशिश भी की। घटना के दौरान पंप पर अफरा-तफरी मच गई और मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया। पीड़ित का कहना है कि पूरी घटना का वीडियो उसके मोबाइल में मौजूद है, जबकि पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों में भी पूरी वारदात रिकॉर्ड हुई है। आरोप यह भी है कि हंगामे के बाद आरोपी गाड़ी की नंबर प्लेट हटाकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है

# बकरीद को लेकर पीजीआई थाने में पीस कमेटी की बैठक, शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील

अमन लेखनी समाचार



पीजीआई। आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को थाना पीजीआई परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस प्रशासन, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, धर्मगुरु, व्यापारी संगठनों के पदाधिकारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता एसीपी गोसाईगंज रिषभ यादव और थाना प्रभारी धीरेन्द्र सिंह ने की। इस दौरान सपा नेताओं, पार्षदों, भाजपा पार्षदों, व्यापार मंडल अध्यक्षों एवं समाजसेवियों ने भी बैठक में भाग लिया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क पर नमाज अदा न की जाए और केवल निर्धारित स्थानों पर ही नमाज पढ़ी जाए, ताकि यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो। इसके साथ ही प्रशासन ने प्रतिबंधित पशुओं की कुरबानी पर पूरी तरह रोक होने की जानकारी देते हुए शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में लोगों से सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील भी की गई। उपस्थित लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाते हुए बकरीद का पर्व शांति और सौहार्द के साथ मनाने का संकल्प लिया।

# बकरीद को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

अमन लेखनी समाचार



बैठक में लोगों को जानकारी देते इंस्पेक्टर

लखनऊ। आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से रहीमाबाद थाने में बुधवार शाम को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मलिहाबाद एसीपी ने की। इसमें क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, धर्मगुरुओं, व्यापारियों और संभ्रांत नागरिकों ने हिस्सा लिया। बैठक में एसीपी सुजीत कुमार दुबे ने लोगों से त्योहार को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने कहा कि शासन और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए ही बकरीद का पर्व मनाया जाए। सार्वजनिक स्थानों पर किसी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सभी लोग पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें। यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक या भड़काऊ पोस्ट साझा करने से बचने की अपील भी की गई। साथ ही कहा गया कि किसी ने माहौल खराब करने की कोशिश की गई तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी बैठक में मौजूद लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाते हुए क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई ग्राम प्रधान, व्यापारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# संदिग्ध हालत में सई नदी में उतराता मिला अधेड का शव

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में बुधवार शाम जानवर चराने गए एक अधेड़ का शव देर रात संदिग्ध हालत में सई नदी में उतराता मिला। सूचना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बंथरा के हरौनी गांव में रहने वाला सुनील कुमार रावत (49) खेती किसानी करता था। बुधवार शाम को करीब 6 बजे वह अपने जानवर चराने गया। लेकिन देर शाम जानवर तो घर आ गए, पर सुनील वापस नहीं आया। काफी इंतजार के बाद जब परिजनों ने सुनील को फोन किया तो उसका मोबाइल स्विच ऑफ मिला। कई बार फोन करने के बाद भी मोबाइल लगातार स्विच ऑफ बताता रहा। बाद में परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की तो खोजबीन के दौरान रात करीब 11 बजे सुनील का शव उसके घर से करीब 1 किलोमीटर दूर झाड़ेश्वर मंदिर के पास सई नदी के पानी में उतराता मिला। परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला और घर ले आए। बाद में घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी अनीता देवी के अलावा दो बेटे सनी रावत और समर रावत है। पुलिस का कहना है कि परिजनों के मुताबिक सुनील की सई नदी में डूब कर मौत हुई है। लेकिन वह सई नदी में कैसे डूबा, इसकी जानकारी स्पष्ट नहीं हो सकी है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और मामले की जांच की जा रही है।

# बिजली संकट पर फूटा लोगों का गुस्सा, रायबरेली रोड जाम; पुलिस से नोकझोंक और धक्का-मुक्की

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई क्षेत्र में लगातार बिगड़ रही बिजली व्यवस्था के खिलाफ गुरुवार को लोगों का गुस्सा सड़क पर फूट पड़ा। उतरेठिया उपकेंद्र से जुड़े बलदेव विहार, मवैया और देवीखेड़ा के सैकड़ों लोगों ने रायबरेली रोड पर जाम लगाकर बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। करीब एक घंटे तक चले हंगामे के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि पिछले कई दिनों से इलाके में बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। तेलीबाग, एकता नगर, कल्ली, जगतखेड़ा, उतरेठिया समेत आसपास के क्षेत्रों में बार-बार फाल्ट होने, एबीसी केबल जलने और ट्रांसफार्मर फुंकने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। कई मोहल्लों में पांच दिनों से नियमित बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है। लोगों का कहना था कि बिजली आते ही तेज धमाके के साथ लाइन फिर ठप हो जाती है। आक्रोशित लोगों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि शिकायत करने पर न तो कर्मचारी मौके पर पहुंचते हैं और न ही अधिकारी फोन उठाते हैं। बीती रात भी नाराज उपभोक्ताओं ने उतरेठिया और अंबेडकर उपकेंद्र के कई फीडर बंद करा दिए थे। रातभर दोनों उपकेंद्रों पर लोगों की भीड़ लगी रही, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। जाम की सूचना मिलते ही पीजीआई इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच कई बार तीखी नोकझोंक हुई। कुछ देर के लिए धक्का-मुक्की जैसी स्थिति भी बन गई। पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी बिजली आपूर्ति बहाल होने तक सड़क खाली करने को तैयार नहीं थे। बाद में पुलिस की सख्ती और अधिकारियों के आश्वासन के बाद जाम समाप्त कराया जा सका। वहीं बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अत्यधिक ओवरलोडिंग और लगातार फाल्ट आने के कारण आपूर्ति प्रभावित हुई है। टीमों को मरम्मत कार्य में लगाया गया है और जल्द ही व्यवस्था सामान्य करने का प्रयास किया जा रहा है।

## संक्षेप

### बीडीओ पर सहयोग न करने और कूटनीति का आरोप, एडीओ ने डीएम को लिखा पत्र

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। विकासखंड में तैनात सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) अनिल कुमार राना ने खंड विकास अधिकारी पंकज गौतम पर गंभीर आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी उन्नाव को शिकायती पत्र भेजा है। पत्र में बीडीओ पर कार्यों में सहयोग न करने, कूटनीति रचकर कार्रवाई कराने और शासन की योजनाओं में बाधा डालने के आरोप लगाए गए हैं। एडीओ अनिल कुमार राना के अनुसार, वे पूर्व में सुमेरपुर ब्लॉक में तैनात थे। उन्होंने आरोप लगाया कि बीडीओ पंकज गौतम ने जफ्सरा ग्राम पंचायत के आवास लाभार्थियों के संबंध में कुछ प्रधानों से ₹गलत/फर्जी तरीके₹ से उच्चाधिकारियों को पत्र भिजवाए। जांच में 2 लाभार्थी अपात्र पाए गए थे, लेकिन एडीओ का पक्ष सुने बिना ही जिला पंचायत राज अधिकारी के आदेश दिनांक 1 अप्रैल से उन्हें सम्बद्ध कर दिया गया। स्वास्थ्य कारणों से 20 दिन के चिकित्सीय अवकाश के बाद एडीओ का स्थानांतरण 4 मई को असोहा ब्लॉक कर दिया गया। आरोप है कि 8 मई को डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में उन्हें सुमेरपुर में उपस्थित होकर ऑडिट आपत्ति निस्तारण का मौखिक आदेश दिया गया। इसके अनुपालन में उन्होंने 09 मई को सचिवों की बैठक बुलाई, लेकिन बीडीओ पंकज गौतम ने सचिवों को बैठक में भाग लेने से मना कर दिया। फिलहाल अनिल कुमार राना ने जिलाधिकारी से मामले को संज्ञान में लेकर उचित कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

### अनियंत्रित ऑटो रिक्शा पलटा मासूम समेत पांच घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में गुरुवार की सुबह लखनऊ बांगरमऊ मार्ग पर आटो रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे मासूम सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया

थाना क्षेत्र के बनहार खेड़ा गांव निवासी राकेश पाल पुत्र छोटेलाल जो कि आटो रिक्शा चलाता है गुरुवार को रिक्शा लेकर मियागंज जा रहा था जिसमें गांव कुड़वा खेड़ा निवासी रामबहादुर पुत्र रामपाल, ? मुशीराबाद गांव निवासी नाजिम अली पुत्र बाबू व उसकी एक वर्षीय पुत्री रुखसार, कुल्हा अटौरा गांव निवासिनी यशोदा पत्नी शिव मंगल, व बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव मुस्तफाबाद निवासिनी कैलाश पत्नी जोद्धी जो कि आटो रिक्शा में सवार होकर मियागंज जा रहे थे तभी लखनऊ बांगरमऊ मार्ग पर स्थित रानीबाग के पास आटो रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें आटो रिक्शा में सवार मासूम सहित पांचों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया।

# डायल 112 सेवा के तहत 21 वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पुलिस को डायल 112 सेवा के तहत 21 नए वाहन मिले हैं। गुरुवार को पुलिस लाइन परिसर से इन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इनमें 13 बाइक और 8 चार पहिया वाहन शामिल हैं, जिससे जिले में आपातकालीन पुलिस सेवा और मजबूत होगी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इन नए वाहनों को विशेष रूप से गंगा एक्सप्रेसवे पर तैनात किया गया है। एक्सप्रेसवे पर बढ़ते यातायात और संभावित सड़क हादसों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। अब दुर्घटना या अन्य आपात स्थिति की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच सकेगी।इससे घायलों को समय पर मदद मिल सकेगी और यातायात व्यवस्था भी सुचारु रहेगी। नए वाहनों के शामिल होने से घटनाओं और सड़क हादसों पर त्वरित कार्रवाई संभव हो सकेगी। वाहनों को रवाना करने के दौरान एसएसपी जयप्रकाश सिंह, एएसपी अखिलेश सिंह, एएसपी शैलेन्द्र लाल, सीओ सोनम सिंह और सीओ विनी सिंह मौजूद रहीं।अधिकारियों ने वाहनों का निरीक्षण कर संबंधित पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसएसपी जयप्रकाश सिंह ने कहा कि डायल 112 सेवा आम जनता को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण माध्यम है। नए वाहनों के मिलने से पुलिस की प्रतिक्रिया क्षमता में सुधार होगा और किसी भी घटना की सूचना पर कम से कम समय में सहायता पहुंचाई जा सकेगी। अधिकारियों ने वाहनों का निरीक्षण कर संबंधित पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसएसपी जयप्रकाश सिंह ने कहा कि डायल 112 सेवा आम जनता को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण माध्यम है। नए वाहनों के मिलने से पुलिस की प्रतिक्रिया क्षमता में सुधार होगा और किसी भी घटना की सूचना पर कम से कम समय में सहायता पहुंचाई जा सकेगी।नए वाहनों के शामिल होने के बाद अब उन्नाव पुलिस के पास कुल 85 डायल 112 वाहन हो गए हैं। इससे जिले के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में पुलिस की सक्रियता और निगरानी व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। पुलिस विभाग का मानना है कि आधुनिक संसाधनों से कानून व्यवस्था बनाए रखने और आमजन को बेहतर सुरक्षा देने में मदद मिलेगी।

# महावीर सभागार का उद्घाटन, शहीद सैनिकों को दी गई श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, उन्नाव में जीर्णोद्धार कार्य के बाद नवसंवर्धित एवं आधुनिक स्वरूप प्राप्त ळमहावीर सभागारळ का उद्घाटन गुरुवार को जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर ब्रिगेडियर अतुल कुमार सेना मेडल निदेशक सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास लखनऊ सहित सेना से जुड़े कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय परिसर स्थित शहीद स्मारक पर रीथ अर्पित कर की गई। जिलाधिकारी एवं उपस्थित अतिथियों ने शहीद सैनिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा जनपद के सभी शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा।मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर अतुल कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि सैनिकों और पूर्व सैनिकों के सम्मान के लिए ऐसे कार्यक्रम प्रेरणादायी हैं। उन्होंने पूर्व सैनिकों से केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कहा कि देश की रक्षा के लिए दुर्गम परिस्थितियों में अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों और उनके परिवारों के प्रति जिला प्रशासन पूरी तरह संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि शहीद सैनिकों के आश्रितों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन सदैव तत्पर रहता है। उन्होंने सभी युद्ध शहीदों एवं उनके परिवारों को नमन करते हुए उनके योगदान को राष्ट्र के लिए अ म ा ू ल् य बताया।स्क्वाड्रन लीडर मधु मिश्रा ने बताया कि महावीर सभागार को सैनिक सम्मान, राष्ट्रभक्ति एवं वीर शहीदों की गौरवगाथाओं को समर्पित भाव से विकसित किया गया है। उन्होंने शहीद सैनिकों के गांवों में प्रस्तावित स्मारक एवं तोरण द्वार निर्माण से जुड़े लंबित मामलों में शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन भी दिया।इस अवसर पर ब्रिगेडियर एस.एम. जामवाल स्टेशन कमांडर कानपुर, कर्नल उत्सव कमांडिंग ऑफिसर 8 राजरिफ कैंट कानपुर, कर्नल डी.पी. सिंह उपाध्यक्ष जिला सैनिक कल्याण समिति तथा अन्य अधिकारी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# 35वीं राजीव गांधी स्मृति यात्रा का कांग्रेसियों ने किया स्वागत

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। नगर पंचायत बीघापुर सदर बाजार में 35 वीं राजीव गांधी स्मृति यात्रा पहुंचने पर कांग्रेसियों ने स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं कांग्रेस कमेटी के प्रदेशीय सदस्य जंग बहादुर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री बात सनातन की करते है लेकिन मां के निधन के बाद भी अंतिम संस्कार में सनातन धर्म का पालन नहीं किया गया।बंगाल का चुनाव खत्म होते ही पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाकर जनता के पैसों पर डकैती डाली जा रही है ।संचार क्रांति के जनक राजीव गांधी की योजना के दम पर ही आज खेत में रहने वाले मजदूर के हाथ में मोबाइल और कंप्यूटर जैसे उपकरण है ।देश महंगाई से त्रस्त है लेकिन देश का प्रधानमंत्री मेलोडी टाफी बांट रहे है। कांग्रेस कमेटी के पूर्व मंत्री संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि सबका साथ सबका विकास का नारा देने वाली सरकार में थाना और तहसील में सब का शोषण जारी है। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में तैनात जिला विद्यालय निरीक्षक व उनके बाबुओं ने करोड़ों रुपए ट्रेजरी से निकाल लिए लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज विश्वकर्मा, राजन निषाद ,हैदर अली ,रमेश शुक्ला, मनु, राकेश कुरील, गरीबे कोरी, बृजेश सिंह, राम बहादुर ,सोनू सिंह कुलहा, कमल सिंह, प्रमोद शंकर शुक्ला आदि रहे।

# आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

### 22 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद, दो महिलाएं गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जनपद में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 22 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है। कार्रवाई के दौरान दो महिलाओं को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, संयुक्त आबकारी आयुक्त लखनऊ जोन तथा उप आबकारी आयुक्त लखनऊ प्रभार के निर्देश पर जिले में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 20 मई 2026 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-4 पुरवा निशांत सिंह ने अपनी टीम और स्थानीय पुलिस बल के साथ थाना मौरावां क्षेत्र के ग्राम गौरी, सरैया बाजार और हिलौली बाजार में संयुक्त छापेमारी की।

छापेमारी के दौरान कुल 22 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। टीम ने मौके से दो महिलाओं को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में ग्राम गौरी निवासी शिवकली पत्नी दढ़ई तथा हिलौली निवासी कमला पत्नी स्वर्गीय राम नरेश शामिल हैं।

आबकारी विभाग की टीम ने दोनों आरोपितों को थाना मौरावां पुलिस के सुपुर्द कर दिया, जहां उनके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

जिला आबकारी अधिकारी ने कहा कि अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। सौ दिवसीय अभियान के तहत ग्राम पंचायत सिमरीमऊ के अटवा, कस्बा पश्चिम कटरा व ग्राम पंचायत कसरौर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें अति संवेदनशील क्षेत्रों के लोगों को निःशुल्क एक्स-रे, ओपीडी सेवाएं, आरबीएस जांच की सुविधा प्रदान की गई। साथ ही संभावित टीबी रोगियों की पहचान कर उन्हें आगे जांच हेतु रेफर भी किया जा रहा है। गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिमरीमऊ, अटवा, कटरा व कसरौर में टीवी स्वास्थ्य शिविर लगाकर महिला एवं पुरुषों का परीक्षण उपरांत एक्स-रे किया गया। वहीं स्वास्थ्य शिविर में एसटीएलएस राजीव कुमार, एसटीएस अनुराग वर्मा, इंपैक्ट इंडिया प्रोजेक्ट वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स के कम्युनिटी कोऑर्डिनेटर संतोष कुमार सक्सेना, एक्स-रे सहायक ज्ञान, एचएलएफपीपीटी के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर नीरज, विनीत कुमार, पुत्तम लाल, भाविनी बाजपेई, अभय पटेल, संगिनी संजू देवी, आशा बहू सत्यवती, शोभा, राजकुमारी, रीता, राधा, अंजू, सोनिका, मोनी, संदीप कुमार, हिमांशु शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।



# पुलिस को मिली सफलता, अवैध तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना गंगाघाट पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उन्नाव के निर्देशन में जिलेभर में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को थाना गंगाघाट पुलिस टीम बालूघाट तिराहे पर चेकिंग अभियान चला रही थी। तभी पुलिस को एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया, जिसे रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।पूछताछ में युवक ने अपना नाम अनिकेत उर्फ अमन पुत्र स्वर्गीय किशन निवासी गोलाघाट नई बस्ती थाना छावनी जनपद कानपुर नगर बताया। पुलिस ने तत्काल आरोपी को हिरासत में लेकर थाना गंगाघाट पर मु0अ0सं0 263/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अरुण कुमार त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल विजय कुमार एवं कांस्टेबल कुन्दन कुमार की अहम भूमिका रही।

# मोटर का तार ठीक कर रहे युवक की विद्युत करंट से मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। असोहा थाना क्षेत्र के गाँव बहेरिया बुजुर्ग निवासी सचिन 27 पुत्र सुरेंद्र दोपहर में नहाने के समय अचानक मोटर बिगड़ने पर उसका तार सही करने लगा। अचानक मोटर में करंट दौड़ने से सचिन करंट का शिकार हो गया। मौके पर बेसुध अवस्था मे गिर गया। जहां से परिजन आनन फानन नवाबगंज स्थित सरस्वती मेडिकल कॉलेज लेकर पहुँचे जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक दो भाइयों में सबसे बड़ा है छोटा भाई अभिषेक ,मां सुनीता,पत्नी गीता व उसका 6 वर्ष का बेटा सूर्यांश के सर से पिता का साया उठ गया। परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है। मृतक मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

## भीषण गर्मी व हीटवेव की आशंका को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बढ़ती गर्मी और हीटवेव की आशंका के मद्देनजर जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। मौसम विभाग उत्तर प्रदेश, लखनऊ ने उन्नाव को हीटवेव / उष्ण लहर के लिए येलो जोन में चिन्हित किया है। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जनपदवासियों से सावधानी बरतने और शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है ।जिलाधिकारी ने कहा कि भीषण गर्मी और लू से बचाव के लिए आमजन सतर्क रहें। आवश्यकता पड़ने पर कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर संचालित कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर 1077 पर संपर्क किया जा सकता है। गुरुवार को जनपद का अधिकतम तापमान 43°C और न्यूनतम 32°C दर्ज किया गया ।डीएम ने बताया कि दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच अत्यधिक तेज धूप में बाहर निकलने से बचना चाहिए। यदि आवश्यक कार्य से बाहर जाना पड़े, तो सिर और शरीर को पूरी तरह ढककर निकलें। टोपी, गमछा, दुपट्टा और छाते का प्रयोग करने की सलाह दी गई है। उन्होंने लगातार पानी पीते रहने और शरीर में पानी की कमी न होने देने पर जोर दिया ।ओआरएस, नींबू पानी, शिकंजी, आमपना और अन्य तरल पदार्थों का सेवन गर्मी से बचाव में लाभकारी साबित होगा। जिलाधिकारी ने लोगों को सूती एवं हल्के रंग के ढीले कपड़े पहनने की सलाह दी, जिससे शरीर ठंडा बना रहे और पसीना आसानी से सूख सके। साथ ही ताजे फल, सलाद और हल्के भोजन के सेवन पर जोर देते हुए तली-भुनी एवं भारी खाद्य सामग्री से परहेज करने को कहा गया है ।यथासंभव लोगों को छायादार या ठंडी जगहों पर रहने तथा पंखा, कूलर या एसी युक्त स्थानों में समय बिताने की सलाह दी गई है। खासकर खेतों में कार्य करने वाले किसानों को दोपहर के समय खेतों में काम न करने की हिदायत दी गई है ।जिलाधिकारी ने कहा कि किसान सुबह या शाम के समय ही खेतों में कार्य करें और सिर व गर्दन को कपड़े से ढककर रखें। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को अत्यधिक पसीना आना, कमजोरी, सिरदर्द, चक्कर, उल्टी या बेचैनी जैसे लक्षण महसूस हों, तो तुरंत छायादार स्थान पर आराम करें और चिकित्सक से संपर्क करें।

# विद्युत व्यवस्था के विरोध में किया प्रदर्शन लगाए मुदार्बाद में नारे

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। शहर की मानस विहार कॉलोनी में बदहाल विद्युत व्यवस्था के विरोध में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन भी प्रदर्शन जारी रहा। कॉलोनीवासियों ने सड़क पर उतरकर 'बिजली विभाग मुदार्बाद' के नारे लगाए और जल्द समाधान न होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि कॉलोनी में पिछले कई दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह चरमराई हुई है। घंटों की कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या से निवासी परेशान हैं। भीषण गर्मी के बीच बार-बार बिजली जाने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है, साथ ही घरों में लगे विद्युत उपकरणों के खराब होने का खतरा भी बना हुआ है ।स्थानीय निवासियों ने बताया कि बिजली विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन अभी तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकला है। उनका कहना है कि रात में लंबे समय तक बिजली गुल रहने से छोटे बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं विशेष रूप से प्रभावित हो रही हैं। इसके अलावा, पेयजल आपूर्ति भी बाधित हो रही है, जिससे लोगों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। प्रदर्शन के दौरान कॉलोनीवासियों ने हाथों में तख्तियां लेकर विभागीय अधिकारियों के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ट्रांसफार्मर, जर्जर लाइनों और ओवरलोडिंग की समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया, तो वे बड़े स्तर पर धरना-प्रदर्शन करेंगे ।कॉलोनी के नागरिकों ने प्रशासन से क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने और नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। उनका कहना है कि गर्मी के मौसम में लगातार हो रही कटौती से आम जनता का जीवन बेहाल हो गया है। प्रदर्शन की सूचना मिलने पर बिजली विभाग के कुछ कर्मचारी मौके पर पहुंचे और लोगों को जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। हालांकि, प्रदर्शनकारी अधिकारियों के आश्वासन से संतुष्ट नहीं दिखे। उन्होंने कहा कि जब तक स्थिति में सुधार नहीं होता, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा।

# घर में घुसकर की मारपीट दर्ज हुआ मुकदमा




अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत घर मे घुस माँ से मारपीट करने पर पुत्र द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के गनेशीखेडा निवासी गोविन्द पुत्र कन्धई ने तहरीर देकर बताया कि उसकी माँ रामा देवी को मंगलवार रात गाँव के ही रंजीत लोध पुत्र घसिला ने मा-बहन की गंदी गंदी गालियां देकर लात घूसों, डण्डों व कुल्हाड़ी की बटी से पीटा व जान से मारने की धमकी दी। साथ ही इसकी पत्नी व इसकी माता ने भी मेरी माँ से मारपीट की। माँ का इलाज जिला अस्पताल उन्नाव में चल रहा है। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि तहरीर व जांच के आधार पर तीन लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# पिकअप लोडर ने कार में मारी टक्कर उप निरीक्षक व उनका साथी घायल

अमन लेखनी समाचार




सफीपुर, उन्नाव। क्षेत्र भ्रमण से वापस लौट रहे उपनिरीक्षक की कार में पिकअप लोडर ने जोरदार टक्कर मार दी ।हादसे में उपनिरीक्षक और कार में सवार एक युवक घायल हो गया ।घायलों को तत्काल सीएचसी सफीपुर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

सफीपुर कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक अशोक कुमार बृहस्पतिवार को कार से क्षेत्र भ्रमण के लिए निकले थे ।वापस लौटते समय उनके पूर्व परिचित आसीवन थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार निवासी विशाल पुत्र संजय से मुलाकात हो गई वह भी उन्हीं के साथ कार में सवार हो गए। सफीपुर कोतवाली के भैंसाहरा चौराहे पर पहुंचे ही थे तभी सामने से आ रहे पिकअप लोडर ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी ।हादसे के बाद लोडर भाग खड़ा हुआ। आसपास के लोगों ने कार में फंसे दरोगा और उसके साथी को बाहर निकाल कर सीएचसी सफीपुर भेजा ।सूचना पर कोतवाली प्रभारी आईपीएस संचित शर्मा अस्पताल पहुंचे और घायल दारोगा का हाल जाना ।डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।आईपीएस संचित शर्मा ने बताया कि घायल दारोगा को इलाज के लिए भेज कर दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

## सम्पादकीय

# ऊर्जा सुरक्षा देश की पहली प्राथमिकता

वैश्विक राजनीति, युद्ध और आर्थिक प्रतिस्पर्धा के इस दौर में ऊर्जा सुरक्षा किसी भी देश की स्थिरता और विकास की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। ऐसे में भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह रूस से तेल खरीद बंद करने नहीं जा रहा है, चाहे अमेरिका की विशेष छूट समाप्त ही क्यों न हो जाए। यह केवल एक आर्थिक निर्णय नहीं, बल्कि भारत की स्वतंत्र विदेश नीति और राष्ट्रीय हितों को सर्वोच्च रखने की नीति का स्पष्ट संकेत है। सरकारी प्रवक्ता ने तो यहां तक दावा किया है कि हम रूस से तेल खरीदते थे, खरीदते हैं और खरीदते रहेंगे। यह एक तरह से अमेरिका की धमकी का सीधा जवाब है। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह ऊर्जा सुरक्षा को लेकर किसी के दबाव में नहीं आएगा। वहीं, पीएम नरेंद्र मोदी भी पांच देशों के दौरे पर हैं। उन्होंने भारत के रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व में यूएई का कच्चा तेल स्टोर करने और भारत को तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) व प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए यूएई के साथ समझौता किया है, वहीं नॉर्वे के साथ भी ग्रीन स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप की शुरुआत की गई है, जिसके तहत जलवायु परिवर्तन, स्वच्छ ऊर्जा, समुद्री अर्थव्यवस्था (ब्लू इकॉनमी) और ग्रीन शिपिंग जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नई ऊंचाइयां दी जाएंगी। इससे सरकार ने साफ कर दिया है ऊर्जा सुरक्षा देश की पहली प्राथमिकताओं में शामिल है। भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता देश है। देश की अर्थव्यवस्था, परिवहन व्यवस्था, उद्योग और आम जनता की दैनिक जरूरतें ऊर्जा पर ही आधारित हैं। यदि तेल और गैस की आपूर्ति में बाधा आती है तो उसका सीधा असर महंगाई, उत्पादन और आम आदमी की जिंदगी पर पड़ता है। ऐसे में सरकार का प्राथमिक लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि देश में ऊर्जा की उपलब्धता लगातार बनी रहे और कीमतों में अनावश्यक उछाल न आए। रूस-यूक्रेन और अमेरिका-इजराइल व ईरान युद्ध के बाद वैश्विक ऊर्जा बाजार में भारी अस्थिरता देखी गई। पश्चिमी देशों ने रूस पर कई आर्थिक प्रतिबंध लगाए, लेकिन भारत ने इस मुद्दे पर संतुलित और व्यावहारिक नीति अपनाई। भारत ने स्पष्ट किया कि वह अपने नागरिकों और अर्थव्यवस्था के हितों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेगा। रूस से रियायती दरों पर मिलने वाला कच्चा तेल भारत के लिए आर्थिक रूप से लाभकारी साबित हुआ है। इससे देश को ऊर्जा लागत नियंत्रित रखने में मदद मिली और अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती कीमतों का असर कुछ हद तक कम हुआ। अमेरिका द्वारा दी गई विशेष छूट समाप्त होने के बाद भी भारत का रूस से तेल आयात जारी रखने का निर्णय यह दर्शाता है कि भारत अब वैश्विक दबावों से प्रभावित होकर नहीं, बल्कि अपनी रणनीतिक जरूरतों के आधार पर फैसले ले रहा है। देश में गैस और तेल की उपलब्धता बनी रहे इसके लिए सरकार तमाम प्रयास कर रही है। देश में बढ़ती महंगाई आमजन को परेशान कर सकती है, लेकिन भारत की आबादी को देखते हुए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना अत्यंत कठिन है। हमारी डिमांड और खर्च ज्यादा है। ऐसे में सरकार के प्रयास सराहनीय हैं। लोगों को भी सरकार का सहयोग करना चाहिए और ऊर्जा संरक्षण में अपनी महती भूमिका निभानी चाहिए। दुनिया के तमाम छोटे बड़े देश तेल और गैस संकट से जूझ रहे हैं ऐसे में भारत सरकार के प्रयास काफी सराहनीय हैं।



नया खतरा


महेन्द्र तिवारी

# सेल्फी का दुरुपयोग भी संभव

सेल्फी लेकर तस्वीरें सोशल मीडिया पर अपलोड करने का उद्देश्य अपनी खुशियों और अनुभवों को दुनिया के साथ साझा करना होता है। इन चित्रों के माध्यम से लोग अपनी भावनाएं, जीवनशैली और व्यक्तिगत उपलब्धियां समाज तक पहुंचाते हैं। परंतु, तकनीक की तीव्र गति ने अब इन चित्रों को केवल सुंदर स्मृतियों तक सीमित नहीं रखा है। आज यही तस्वीरें हमारी व्यक्तिगत पहचान और वित्तीय सुरक्षा के लिए एक अत्यंत गंभीर खतरा बनती जा रही हैं। विशेष रूप से एआई के निरंतर बढ़ते प्रभाव ने अंतरजाल आधारित अपराधों को एक सर्वथा नया और चिंताजनक मोड़ दे दिया है। सुरक्षा विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि हमारे दूरभाष या चित्र-यंत्र से ली गई एक सामान्य सी तस्वीर से भी किसी व्यक्ति की उंगलियों के निशान चोरी किए जा सकते हैं।

आधुनिक युग में विभिन्न सामाजिक मंचों पर अपने जीवन के विशेष क्षणों को साझा करना मानवीय व्यवहार का एक अनिवार्य हिस्सा बन चुका है। जब कोई व्यक्ति किसी मनोरम स्थान की यात्रा पर जाता है, मित्रों के साथ आनंदमय समय बिताता है, या प्रतिदिन अपनी नई तस्वीरें अपलोड करता है, तो उसका उद्देश्य अपनी खुशियों और अनुभवों को दुनिया के साथ साझा करना होता है। इन चित्रों के माध्यम से लोग अपनी भावनाएं, जीवनशैली और व्यक्तिगत उपलब्धियां समाज तक पहुंचाते हैं। परंतु, तकनीक की तीव्र गति ने अब इन चित्रों को केवल सुंदर स्मृतियों तक सीमित नहीं रखा है। आज यही तस्वीरें हमारी व्यक्तिगत पहचान और वित्तीय सुरक्षा के लिए एक अत्यंत गंभीर खतरा बनती जा रही हैं। विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के निरंतर बढ़ते प्रभाव ने अंतरजाल आधारित अपराधों को एक सर्वथा नया और चिंताजनक मोड़ दे दिया है।

वर्तमान समय में सुरक्षा विशेषज्ञ यह चेतावनी दे रहे हैं कि हमारे दूरभाष या चित्र-यंत्र से ली गई एक सामान्य सी तस्वीर से भी किसी व्यक्ति की उंगलियों के निशान चोरी किए जा सकते हैं और भविष्य में उनका अवांछित दुरुपयोग पूरी तरह संभव है। वर्तमान समय में अत्याधुनिक साधन किसी भी धुंधली तस्वीर को अत्यधिक स्पष्ट और सघन बनाने में सक्षम हैं। तस्वीरों की बारीक रेखाओं को साफ करना, उनके विस्तार को बढ़ाना और उनमें छिपे अत्यंत सूक्ष्म स्वरूपों को पहचानना अब इन प्रणालियों के लिए बहुत सरल हो चुका है। यही कारण है कि मानवीय उंगलियों के पोरों पर पाई जाने वाली अद्वितीय और अत्यंत बारीक रेखाएं भी अब इलेक्ट्रॉनिक विश्लेषण के माध्यम से आसानी से निकाली जा सकती हैं। अंतरजाल सुरक्षा विशेषज्ञ ली चांग ने अपने हालिया प्रदर्शनों में यह प्रमाणित करके दिखाया है कि उच्च गुणवत्ता वाली साधारण तस्वीरों से भी पूरी तरह उपयोग में लाए जा सकने वाले उंगलियों के निशान प्राप्त किए जा सकते हैं। इस सुरक्षा संकट से जुड़े वैज्ञानिक अध्ययनों और आंकड़ों पर दृष्टि डालें तो यह स्थिति और भी भयावह प्रतीत होती है। सुरक्षा विशेषज्ञों के विश्लेषण के अनुसार, यदि कोई तस्वीर लगभग 1.5 मीटर की दूरी से ली गई हो और उपकरण के चित्र-यंत्र की गुणवत्ता उत्तम स्तर की हो, तो उस चित्र से उंगलियों के निशान शत-प्रतिशत स्पष्टता के साथ प्राप्त किए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, यदि तस्वीर 1.5 से 3 मीटर की दूरी से भी ली गई हो, तब भी आधुनिक एआई प्रणालियों की सहायता से उंगलियों के लगभग 50 प्रतिशत तक के रेखा-स्वरूप को सफलतापूर्वक निकाला जा सकता है। यद्यपि सामान्य जन के लिए यह एक साधारण सा आंकड़ा लग सकता है, परंतु अंतरजाल अपराध और पहचान की चोरी करने वाले अपराधियों के लिए इतनी आंशिक जानकारी भी अत्यंत विनाशकारी सिद्ध हो सकती है। जापान के वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं ने कई वर्ष पूर्व ही इस विषय पर गहन शोध करके दुनिया को सचेत किया था कि इस प्रकार की मुद्राओं वाली तस्वीरों से उंगलियों के निशानों को बहुत सुगमता से पढ़ा जा सकता है। अब जब एआई की शक्ति कई गुना बढ़ चुकी है, तब इस तकनीकी खतरे की गंभीरता पहले की तुलना में कहीं



अधिक व्यापक हो चुकी है। उंगलियों के निशानों के लीक होने का यह संकट किसी भी सामान्य कूटशब्द की चोरी से अत्यधिक गंभीर माना जाता है। यदि किसी उपयोगकर्ता का कोई कूटशब्द या गोपनीय संख्या चोरी हो जाती है, तो वह तत्काल उसे बदलकर एक नया और सुदृढ़ कूटशब्द निर्मित कर सकता है। इसके विपरीत, मनुष्य की उंगलियों के निशान उसके संपूर्ण जीवनकाल में अपरिवर्तनीय रहते हैं। कोई भी व्यक्ति अपनी उंगलियों के प्राकृतिक निशानों को बदल नहीं सकता है। यही मुख्य कारण है कि इस प्रकार के जैव-पहचान संबंधी आंकड़ों का दुरुपयोग किसी भी व्यक्ति के लिए दीर्घकालिक समस्या उत्पन्न कर सकता है। एक बार यदि किसी अपराधी समूह या अवांछित प्रणाली के पास किसी नागरिक की उंगलियों के निशानों का सटीक रेखा-स्वरूप पहुंच जाता है, तो वह अपराधी भविष्य में कई वर्षों तक उस व्यक्ति के नाम पर विभिन्न प्रकार के वित्तीय अपराध करने का प्रयास कर सकता है। आज संपूर्ण विश्व में आधुनिक दूरभाष, संगणक, बैंकिंग सेवाएं, सरकारी प्रणालियां और उच्च सुरक्षा वाले संस्थान उंगलियों के निशानों पर आधारित पहचान प्रणाली पर पूरी तरह निर्भर हो चुके हैं। अधिकांश कार्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए इन जैव-पहचान उपकरणों का ही उपयोग किया जाता है। इसके साथ ही हवाई अड्डों, सीमा सुरक्षा चौकियों और अन्य संवेदनशील राष्ट्रीय संस्थानों में भी पहचान की पुष्टि के लिए उंगलियों के निशानों का उपयोग निरंतर बढ़ रहा है। ऐसी संवेदनशील व्यवस्था में यदि किसी निर्दोष नागरिक की जैव-पहचान संबंधी गोपनीय जानकारी गलत हाथों में चली जाती है, तो उसके परिणामस्वरूप पहचान की चोरी, गंभीर बैंकिंग धोखाधड़ी, बैंक खातों से धन की अवैध निकासी और प्रतिबंधित क्षेत्रों में अनधिकृत प्रवेश जैसी अत्यंत विकट समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। एआई पर आधारित इस तकनीक के क्षेत्र में हो रहे नित नए शोधों से कुछ और चौंकाने वाले तथ्य भी सामने आए हैं। वैज्ञानिक अध्ययनों में यह देखा गया है कि मशीन पर आधारित आधुनिक कलन विधियां अब ऐसे कृत्रिम अथवा नकली उंगलियों के निशान भी तैयार कर सकती हैं जो विभिन्न सुरक्षा उपकरणों को भ्रमित करने में सक्षम हैं। वैज्ञानिकों ने प्रयोगशालाओं में ऐसे कृत्रिम और एआई जनित निशानों को विकसित करने में सफलता पाई है जिन्हें कुछ संवेदनशील सुरक्षा प्रणालियों ने वास्तविक मानकर स्वीकार कर लिया। यह उभरती हुई स्थिति स्पष्ट संकेत देती है कि आने वाले समय में अंतरजाल सुरक्षा की चुनौतियां मानवीय कल्पना से भी अधिक जटिल और बहुआयामी होने वाली हैं। हालांकि, इस विषय के दूसरे पहलू को स्पष्ट करते हुए विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि सामाजिक माध्यमों पर डाली गई प्रत्येक तस्वीर से तत्काल कोई बैंक खाता अवरुद्ध नहीं हो जाता और न ही हर सामान्य चित्र इतना बड़ा संकट उत्पन्न करता है। अंतरजाल अपराधी सदैव हमारी असावधानी और सुरक्षा तंत्र की कमजोरियों की ताक में रहते हैं, इसलिए इस आभासी संसार में निरंतर सतर्कता ही हमारी सबसे बड़ी रक्षा कवच है। अंततः, यह तकनीक का युग है जो मानव जीवन को सुगम बनाने के साथ-साथ नई चुनौतियां भी दे रहा है। आज एक साधारण सा स्व-चित्र केवल एक सुंदर दृश्य नहीं है, बल्कि वह हमारी अत्यंत निजी जानकारी का स्रोत भी बन सकता है। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि हम तकनीक के लाभों का सहर्ष उपयोग करें, किंतु उसके छिपे हुए खतरों के प्रति भी समान रूप से सजग रहें। थोड़ी सी सतर्कता हमें भविष्य के किसी बड़े नुकसान से बचा सकती है।

## सम्मान से सुशासन

बलकार सिंह पूनियां



# पंचायतों की लगातार बदलती विकास यात्रा

भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था की जड़ें गांवों में स्थित ग्राम पंचायतों में निहित हैं। संसद और विधानसभाएं राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर लोकतंत्र को दिशा देती हैं, परंतु लोकतंत्र की वास्तविक आत्मा गांवों में ही जीवित रहती है। भारतीय संविधान के 73वें संशोधन के माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा देकर स्थानीय स्वशासन को सशक्त बनाया गया। इसका उद्देश्य केवल प्रशासनिक विकेंद्रीकरण नहीं था, बल्कि ग्रामीण समाज को विकास प्रक्रिया का सहभागी बनाना था। आज राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025 और पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 यह सिद्ध करते हैं कि पंचायतें अब केवल योजनाओं के क्रियान्वयन की इकाइयां नहीं, बल्कि सुशासन, सामाजिक न्याय और सतत विकास की अग्रणी संस्थाएं बन चुकी हैं। केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय द्वारा घोषित राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025 के अंतर्गत देशभर की 42 पंचायतों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया है। यह सम्मान केवल उपलब्धियों की औपचारिक स्वीकृति नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत में उभरती उत्तरदायी और पारदर्शी शासन संस्कृति का प्रमाण है। कर्नाटक को छह पुरस्कार तथा आंध्र प्रदेश और ओडिशा को पांच-पांच पुरस्कार प्राप्त होना इस तथ्य को दर्शाता है कि विभिन्न राज्यों की पंचायतें स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप नवाचारी विकास मॉडल प्रस्तुत कर रही हैं। यह इस बात का संकेत है कि यदि पंचायतों को सही संसाधन, नेतृत्व और जनसहभागिता मिले, तो वे विकास की नई इबारत लिख सकती हैं। इन पुरस्कारों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इन्हें सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण से जोड़ा गया है। गरीबी-मुक्त एवं उन्नत आजीविका पंचायत, स्वस्थ पंचायत, बाल-हितैषी पंचायत, जल-पर्याप्त पंचायत, स्वच्छ एवं हरित पंचायत, सामाजिक न्याय पंचायत, महिला-हितैषी पंचायत तथा आत्मनिर्भर आधारभूत संरचना जैसी श्रेणियां यह स्पष्ट करती हैं कि पंचायतों की भूमिका अब केवल सड़क, नाली और बिजली तक सीमित नहीं रही। अब पंचायतों से अपेक्षा की जा रही है कि वे समग्र ग्रामीण विकास का नेतृत्व करें और सामाजिक, आर्थिक तथा पर्यावरणीय प्रगति सुनिश्चित करें। विशेष रूप से महिला-हितैषी पंचायतों को सम्मानित किया जाना ग्रामीण समाज में बढ़ते महिला नेतृत्व का संकेत है। पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी ने निर्णय प्रक्रिया को अधिक संवेदनशील और जनोन्मुख बनाया है। आज अनेक महिला सरपंच शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण जैसे विषयों पर उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। इसी प्रकार सामाजिक न्याय पंचायतों को पहचान देना यह दर्शाता है कि विकास केवल आर्थिक उन्नति नहीं, बल्कि सामाजिक समावेशन और समान अवसर सुनिश्चित करने की प्रक्रिया भी है।पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 भारतीय ग्रामीण शासन व्यवस्था में एक ऐतिहासिक पहल है। यह पंचायतों का केवल प्रशासनिक मूल्यांकन नहीं करता, बल्कि आंकड़ा-आधारित पारदर्शी और जवाबदेह शासन को बढ़ावा देता है। वित्तीय वर्ष 2023–24 की रिपोर्ट के अनुसार 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 2,59,867 ग्राम पंचायतों एवं पारंपरिक स्थानीय निकायों ने सत्यापित आंकड़े प्रस्तुत किए। लगभग 97.3 प्रतिशत भागीदारी यह सिद्ध करती है कि पंचायतों में डिजिटल शासन और जवाबदेही के प्रति विश्वास बढ़ रहा है। यह ग्रामीण भारत में डेटा-आधारित योजना निर्माण की नई संस्कृति को भी दर्शाता है। रिपोर्ट का महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि पंचायतों का मूल्यांकन अब केवल प्रक्रियाओं के आधार पर नहीं, बल्कि विकासात्मक परिणामों के आधार पर किया जा रहा है। अग्रणी श्रेणी में 3,635 ग्राम पंचायतों का शामिल होना और लगभग 1,18,824 पंचायतों का प्रदर्शनकारी श्रेणी में आना यह बताता है कि पंचायतें विकास की नई परिभाषा गढ़ रही हैं। गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य सुधार, जल संरक्षण, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण जैसे मानकों पर उनका प्रदर्शन मापा जा रहा है। गरीबी-मुक्त एवं उन्नत आजीविका पंचायत श्रेणी में हजारों पंचायतों की सफलता विशेष उल्लेखनीय है।

# ज्ञान, भक्ति व कर्म की पूर्णता श्रीराम



संकलित

दर्शन

उपदेश जब ग्रंथ से दिया जाएगा तो लिखने के काम आएगा, जब पढ़कर दिया जाएगा तो सुनने के काम आएगा। उपदेश जब जीवन में चरितार्थ हो जाएगा, तब स्वाभाविक रूप से ग्राह्य और अनुकरणीय हो जाएगा। श्रीरामचरितमानस में लीला और चरित्र दोनों चरितार्थ हैं, जिसमें उपदेश दिया नहीं गया, चरितार्थ करके दिखाया गया है। चरितार्थ भी ऐसे हुआ है कि जिसमें चमत्कार और अप्रासंगिकता नहीं है। भगवान राम ने अपना कोई मूल्यांकन नहीं किया, पर दूसरे के हर कार्य की प्रशंसा की, उन्हें उत्साहित किया। ज्ञान की समझ, भक्ति-भावना और कर्म की शैली में यदि व्यावहारिकता नहीं है, तब साधक के जीवन में ज्ञान, भक्ति और कर्म की त्रिपुटी केवल प्रदर्शन योग्य ही रह जाएगी। उसका शुद्ध प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा। इस सर्वांगीण पूर्णता के साथ पृथ्वी पर मात्र भगवान राम ही अवतरित हुए, जिनका मानवोचित गुणों का निर्वहन करते हुए भी स्वयं का सत, चित, और आनंद स्वरूप अपने शुद्ध स्वरूप में बना रहा। ज्ञान की व्यावहारिकता है कि किसी से कुछ इच्छा न रखे और सब में एक ही ब्रह्म का साक्षात्कार करे। भक्ति की व्यावहारिकता है कि संसार के सारे संबंधों का आधार भगवान को माने। सहज संतोषी स्वभाव हो। मन में कुटिलता न हो। कर्म की व्यावहारिकता यह है कि व्यक्ति स्वयं को सेवक माने। संसार के लोगों के शुभ और सत्कर्मों की प्रशंसा अवश्य करे। भगवान श्रीराम ने स्वयं में कोई गुण नहीं देखा, अपितु दूसरे के अवगुणों में भी गुण पक्ष को ग्रहण कर उसका उपयोग लोकहित में किया।

# ज्ञान पाना चाहते हैं तो अहंकार छोड़ दें



संकलित

प्रेरणा

गौतम बुद्ध यात्रा करते रहते थे और बीच-बीच में जहां ठहरते थे, वहां अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। बुद्ध के साथ उनका एक शिष्य हमेशा रहता था। उसका नाम था आनंद। एक दिन बुद्ध प्रवचन दे रहे थे और उस समय आनंद ने पूछा कि तथागत, आप जब प्रवचन देते समय ऊंची जगह पर बैठते हैं और सुनने वाले नीचे बैठते हैं, ऐसा क्यों है? बुद्ध ने आनंद की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आनंद पहले तुम ये बताओ कि क्या तुमने कभी किसी झरने से पानी पिया है? आनंद बोला कि हां, मैंने झरने से पानी पिया है। इसके बाद बुद्ध ने फिर पूछा कि तुमने पानी कैसे पिया? आनंद ने बुद्ध को बताया कि झरना ऊपर से बह रहा था और मैंने झरने के नीचे खड़े होकर पानी पिया था। बुद्ध ने आनंद से कहा कि बस यही तुम्हारी बात का जवाब है। अगर हम झरने से पानी पीना चाहते हैं तो हमें उस झरने के नीचे ही खड़े रहना पड़ेगा। ठीक इसी तरह प्रवचन भी एक झरने की तरह है। जहां ज्ञान का झरना बहाने वाला ऊंची जगह पर बैठते हैं और जो लोग ज्ञान के झरने का पान करना चाहते हैं, वे नीचे बैठते हैं। दरअसल, ज्ञान पाने का सबसे पहला नियम ये है कि हमें अहंकार छोड़ना पड़ेगा। नीचे बैठने से हमारे स्वभाव में जो विनम्रता आती है, अहंकार दूर होता है। इसके बाद ही हम किसी की ज्ञान की बातें ठीक से समझ पाते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### तिलहन उत्पादन बढ़ाने की जरूरत

प्रधानमंत्री ने भारतवासियों को खाने वाले तेल की मात्रा खाने में कम करने की अपील की है, क्योंकि इसका ज्यादा प्रयोग हमारे देश के धन को दूसरे देशों में भेजने में मदद करता है, हमारे देश में लगभग 60 प्रतिशत के करीब खाद्य तेल विदेशों से आता है, इनमे मुख्यतः ब्राजील, इंडोनेशिया आदि देश हैं। इसलिए सरकार ने अब देश में तिलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए विशेष योजनाओं को अमल में लाने पर काम शुरू कर दिया है। लेकिन सवाल तो यह है कि आज तक इसके बारे मे क्यों गंभीरता नहीं दिखाई गई? यह तभी कामयाब होगा जब कृषि विभाग, किसान इसे कामयाब करने के लिए गंभीरता दिखाएंगे, तो देश में किसी भी खाने वाले तेल के दाम आसमान न छू पाएं और इनका ज्यादा से ज्यादा निर्यात करें, जिससे भारत की आर्थिक स्थिति पर भी सकारात्मक असर पड़े और किसानों की आय भी बढ़े। -संतोष पटेल, धमतरी

## ट्रेंड

### जन्मदिन की बधाई



एच.डी. देवेगौड़ा को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में राष्ट्र के लिए उत्कृष्ट योगदान दिया है। वह नीतिगत मुद्दों की गहरी समझ और वंचितों की सेवा के प्रति अपने समर्पण के लिए जाने जाते हैं। हम उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं। -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### तय जगह पर पढ़ें नमाज



नमाज पढ़नी है तो तय जगह पर पढ़िए। संख्या ज्यादा है तो शिफ्ट में पढ़ लीजिए। हम नमाज नहीं रोकेंगे, लेकिन सड़क पर अराजकता नहीं होने देंगे। सड़कें नमाज पढ़ने या किसी तरह की भीड़ जुटाने के लिए नहीं हैं।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, यूपी

### सहकर्मियों का पुनर्मिलन



जब नेतागण केरल पहुंचे तो ऐसा लगा जैसे "दोस्तों और सहकर्मियों का पुनर्मिलन" हो रहा हो। माहौल में आशा, ऊर्जा और उत्साह स्पष्ट रूप से व्याप्त है। यही ऊर्जा तब और भी प्रबल होगी जब हम सब मिलकर अपने सबसे बड़े साझा लक्ष्य की ओर काम करेंगे।

-ए. रेवंत रेड्डी, सीएम, तेलंगाना

### गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं



मैं स्पष्ट संदेश दे रहा हूं कि इस तरह की अशांति, गुंडागर्दी और राष्ट्रविरोधी, समाजविरोधी गतिविधियों को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम ऐसी चीजों को जारी नहीं रहने देंगे।

-शुभेंदु अधिकारी, सीएम, पश्चिम बंगाल

## करंट अफेयर

# ईरानी नोबेल पुरस्कार विजेता नरगिस की अस्पताल से छुट्टी



ईरान की नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी को दो सप्ताह से अधिक समय तक अस्पताल में भर्ती रहने के बाद सोमवार को तेहरान के एक अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उनके समर्थकों ने यह जानकारी दी। मोहम्मदी (54) को घर पर ही रहने और आगे की देखभाल और दैनिक फिजियोथेरेपी कराने की सलाह दी गयी है। मोहम्मदी के बेहोश हो जाने के बाद एक मई को उन्हें आपातकालीन स्थिति में जेल से उत्तर पश्चिमी ईरान के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लगभग 10 दिन बाद उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया और तेहरान के अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां विशेषज्ञों ने उनकी जांच की।

## ऑफ बीट

# मनुष्यों के लिए खतरनाक हो सकती है भीषण गर्मी



गर्मी हर साल हजारों लोगों को चुपचाप निगल रही है और यह दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। उत्तरी गोलार्द्ध में अत्यधिक गर्मी को लेकर मीडिया की रिपोर्टिंग स्पष्ट है : रिकॉर्ड तोड़ गर्मी ने मानव अस्तित्व को खतरे में डाल दिया है। एक अनुमान है कि 'ब्रिटेन तीन दशकों में अत्यधिक गर्म हो सकता है' जो निश्चित तौर पर 97 प्रतिशत मानवता के लिए चिंता का विषय है जो ब्रिटेन के मुकाबले अधिक गर्मी वाले स्थानों पर रहते हैं। अच्छी खबर यह है : ब्रिटेन के लोगों को 2050 तक स्वीडन नहीं जाना पड़ेगा। बुरी खबर है : पहले ही जानलेवा गर्मी है जो बदतर होती जा रही है और जल्द ही एक बहुत बड़ी समस्या बन सकती है।

## संक्षेप

### 5 वारंटी गिरफ्तार

**पुलिस ने जामो और मुंशीगंज में अभियान चलाकर आरोपियों को पकड़ा**

अमेठी , पुलिस ने वांछित और वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना जामो और मुंशीगंज पुलिस ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में यह गिरफ्तारी हुई। क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के नेतृत्व में थाना जामो पुलिस ने अभियान के तहत चार वारंटियों को पकड़ा। इनमें वाद संख्या 1676/2025 (धारा 323, 504, 325 भादवि) में वांछित लंकेश्वर यादव पुत्र शिवनरायन यादव और रामबाबू यादव पुत्र स्वर्गीय रामानन्द यादव शामिल हैं। ये दोनों ग्राम कंचन गिरि मठिया मजरे रिछौरा के निवासी हैं ।जामो पुलिस ने वारंटी रामकृपाल सिंह पुत्र रामलखन और अशोक सिंह पुत्र राजनरायन को भी गिरफ्तार किया। ये दोनों ग्राम पर्वतपुर के निवासी हैं। थाना जामो पुलिस सभी गिरफ्तार वारंटियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है ।वहीं, थाना मुंशीगंज पुलिस ने भी एक वारंटी को गिरफ्तार किया। वांछित अभिषेक सिंह पुत्र राम सिंह निवासी हरिहरपुर को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इस गिरफ्तारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक जामो विनोद सिंह, प्रभारी निरीक्षक मुंशीगंज शिवाकान्त त्रिपाठी, उपनिरीक्षक चन्द्रभान राय, उपनिरीक्षक दलजीत सिंह, उपनिरीक्षक जगदेवन राजवंशी, कांस्टेबल नवनीत कुमार यादव और कांस्टेबल शिवराज सिंह शामिल थे। पुलिस ने बताया कि वांछितों और वारंटियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### एसपी अमेठी ने संभाली ऑपरेशन चक्रव्यूह की कमान

**जगदीशपुर में खुद की संदिग्धों और वाहनों की चेकिंग**

अमेठी , कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' की कमान संभाली। उन्होंने देर रात जगदीशपुर कस्बे में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की स्वयं चेकिंग की। एसपी सरवणन टी ने गुलाबगंज चौराहे पर पुलिस टीम के साथ मोर्चा संभाला। इस दौरान उन्होंने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहनता से जांच की। उन्होंने चेकिंग प्वाइंट पर मौजूद पुलिसकर्मियों को अपराध और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के सख्त निर्देश दिएपुलिस अधीक्षक ने कर्मियों को चेकिंग के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी। उन्होंने आमजन से शालीनतापूर्वक व्यवहार करने और पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के आदेश दिए। एसपी ने स्पष्ट किया कि चेकिंग का उद्देश्य केवल चालान काटना नहीं, बल्कि अपराधों की रोकथाम करना है ।पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' का मुख्य उद्देश्य जनपद में सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखना है। इसका एक अहम हिस्सा संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाना भी है। एसपी के इस औचक चेकिंग अभियान से पुलिस महकमे में सक्रियता देखी गई। वहीं, आम लोगों ने पुलिस अधीक्षक की इस पहल की सराहना की।

# 45 डिग्री की भीषण गर्मी में बशीरगंज की बिजली व्यवस्था बेपटरी

**रातभर जागने को मजबूर लोग**

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। जनपद में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी ने लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। तापमान 45 डिग्री के पार पहुंचने के बीच शहर के बशीरगंज मोहल्ले में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। अघोषित कटौती, लो-वोल्टेज और बार-बार ट्रिपिंग से मोहल्लेवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात ऐसे हैं कि लोग रातभर जागकर समय बिताने को मजबूर हैं ।स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले तीन-चार दिनों से बिजली आपूर्ति बदहाल बनी हुई है। रात के समय घंटों बिजली गायब रहती है और सप्लाई आने पर भी कुछ ही देर में ट्रिपिंग शुरू हो जाती है। गर्मी और उमस के कारण छोटे बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। लगातार नींद पूरी न होने से लोगों में चिड़चिड़ापन और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी बढ़ने लगी हैं।

#### पढ़ाई पर पड़ा सीधा असर

बिजली संकट का सबसे बड़ा असर छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पर देखने को मिल रहा है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र वेदान्त श्रीवास्तव ने बताया कि रातभर बिजली न रहने से पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित हो रही है। बिना नींद के दिन में पढ़ाई करना मुश्किल हो गया है ।वहीं बीएससी द्वितीय सेमेस्टर के छात्र वंश रस्तोगी ने बताया कि 29 मई से उनकी परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं, लेकिन लगातार बिजली कटौती के कारण तैयारी बाधित हो रही है। हाईस्कूल की छात्रा वंशिका ने कहा कि पंखा या अन्य उपकरण चालू करते ही बिजली ट्रिप हो जाती है, जिससे पढ़ाई और आराम दोनों प्रभावित हो रहे हैं।

#### ओवरलोडिंग और जर्जर व्यवस्था बनी समस्या

समाजसेवी सचिन श्रीवास्तव का कहना है कि क्षेत्र में बढ़ते लोड के मुकाबले बिजली व्यवस्था को मजबूत नहीं किया गया है। जर्जर तार, ट्रांसफार्मर पर बढ़ता दबाव और समय पर रखरखाव न होने के कारण आए दिन ट्रिपिंग की समस्या बनी रहती है ।मोहल्लेवासियों ने जिला प्रशासन और बिजली विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि बशीरगंज क्षेत्र की बिजली समस्या का तत्काल समाधान कराया जाए। लोगों ने जर्जर तार बदलने, ट्रांसफार्मर क्षमता बढ़ाने और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग उठाई है, ताकि भीषण गर्मी में लोगों को राहत मिल सके और छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

# तीन माह से मानदेय न मिलने पर एनएचएम कर्मियों का प्रदर्शन

**काली पट्टी बांधकर जताया विरोध, कार्य बहिष्कार की दी चेतावनी**

अमन लेखनी समाचार




बहराइच। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों को पिछले तीन महीनों से मानदेय न मिलने के कारण आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि समय से भुगतान न होने से उनके सामने परिवार के भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है और वे भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं।

समस्या के विरोध में कर्मचारियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुर परिसर में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया और सरकार व विभागीय अधिकारियों के खिलाफ नाराजगी जताई। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र मानदेय का भुगतान नहीं किया गया तो वे कार्य बहिष्कार करने को मजबूर होंगे, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं।

इस दौरान कर्मचारियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. चंद्रभान राम को ज्ञापन सौंपकर लंबित मानदेय का तत्काल भुगतान कराए जाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि लगातार तीन महीने से वेतन न मिलने से कर्मचारियों के सामने बच्चों की पढ़ाई, घर खर्च और दैनिक जरूरतों को पूरा करना कठिन हो गया है ।कर्मचारियों ने कहा कि वे पूरी निष्ठा से स्वास्थ्य सेवाओं में लगे हुए हैं, लेकिन विभाग की उदासीनता से उनमें रोष व्याप्त है। उन्होंने प्रशासन से जल्द समाधान निकालने की मांग की है।

प्रदर्शन में संविदा कर्मी डॉ. अभय कैराती, डॉ. उमेश त्रिपाठी, डॉ. संतोष गौतम, दंत चिकित्सक ओ.पी. वर्मा, अर्जुन भारती, स्टाफ नर्स सुमन, कंचन, शीलम, दीप, कुमारी, लैब तकनीशियन अनुसुइया वर्मा और युवराज सहित समस्त सीएचओ एवं एएनएम मौजूद रहीं।

# बेहड़ा में संकुल स्तरीय पंचपदी आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का हुआ शुभारम्भ

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जिले के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बेहड़ा में बुधवार को संकुल स्तरीय पंचपदी आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का शुभारम्भ विधिवत रूप से किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मिथिलेश कुमार अवस्थी, प्रदेश निरीक्षक जन शिक्षा समिति अवध प्रदेश ने सैद्धांतिक सत्र के माध्यम से प्रशिक्षण वर्ग का शुभारम्भ कराया। उन्होंने शिक्षकों को भारतीय संस्कृति आधारित शिक्षा पद्धति एवं संस्कारयुक्त शिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आचार्यों को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया ।इस अवसर पर कैलाश संभाग निरीक्षक, घनश्याम सिंह चौहान (अध्यक्ष जन शिक्षा समिति बहराइच), ठाकुर रामपाल सिंह प्रबंधक सरस्वती विद्या मंदिर बेहड़ा, दिवाकांत अवस्थी कोषाध्यक्ष, उग्रसेन सिंह चौहान ग्रामीण शिक्षा प्रमुख सहित विद्यालय परिवार के सदस्य एवं अनेक आचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का




वातावरण अनुशासन, संस्कार एवं शिक्षण प्रेरणा से ओतप्रोत रहा। प्रशिक्षण वर्ग में आचार्यों को पंचपदी शिक्षण पद्धति के विभिन्न आयामों की जानकारी दी गई।

# सपा कार्यकताओं का प्रदर्शन, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**डीजल–गैस संकट, खतौनी और 40 वर्षों से लंबित सर्वे को लेकर उप जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न जन समस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी कार्यकताओं ने गुरुवार को महामहिम राज्यपाल महोदया को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा। इस दौरान प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा गया कि यदि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो समाजवादी पार्टी बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। ज्ञापन में किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। सपा नेताओं ने कहा कि क्षेत्र में किसानों को डीजल और गैस उपलब्ध न होने के कारण खेती-किसानी और घरेलू कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिससे ग्रामीण जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।इसके साथ ही गोदहिया नंबर 1 से 4 तक की कृषि योग्य भूमि के सर्वे का मुद्दा भी उठाया गया। नेताओं ने आरोप लगाया कि पिछले लगभग 40 वर्षों से सर्वे की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन आज तक इसे पूरा नहीं किया जा सका। इससे किसानों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में किसानों को अपनी ही भूमि की खतौनी प्राप्त करने के लिए तहसील और जिला मुख्यालय बहराइच के चक्कर लगाने की मजबूरी पर भी नाराजगी जताई गई। सपा नेताओं ने कहा कि किसानों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सर्वे के नाम पर दशकों से हो रही देरी और संसाधनों की कमी ने किसानों की कमर तोड़ दी है। इस मौके पर आनंद प्रकाश यादव, शैलेश कुमार शैलू, लाल विक्रम आर्य, कृष्ण कुमार गुप्ता, डॉ. दाता राम मौर्य, बृजेश यादव, आलोक पाठक, शिव कुमार गौतम, चंद्र प्रकाश वर्मा, सुरेश वाल्मीकि, शांति प्रसाद, रजा अहमद, बाल गोविंद निषाद, बाबू खां, शिव सिंह यादव, प्रताप वर्मा, विमल, मुबारक अली, राम बहादुर यादव, रामचंद्र, निर्मल यादव, गुड्डू यादव, गुड्डू सिंह, डॉ. अनीश, रामदयाल, दिलीप कुमार गुप्ता, प्रदीप यादव, अभिषेक कुमार यादव, विकास यादव, दुर्गेश कुमार, आशीष यादव, असगर अली, हरि नारायण यादव समेत पार्टी के कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# मटेरा पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

**36 घंटे में मोबाइल झपटमार गैंग का पदार्फाश**

अमन लेखनी समाचार

रिसिया, बहराइच। थाना मटेरा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मोबाइल झपटमारी के मुकदमे में वांछित 02 शातिर अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे कड़े अभियान के तहत मटेरा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। क्षेत्र में मोबाइल झपटमारी की वारदात को अंजाम देने वाले दो वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने घटना के मात्र 36 घंटे के भीतर दबोच लिया है। मामले का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि पुलिस टीम लगातार अपराधियों पर नजर रख रही थी। मुखबिर की सूचना और त्वरित एक्शन के चलते दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। तलाशी और निशानदेही के दौरान इनके पास से चोरी और झपटमारी के 12 कीमती एंड्रॉयड मोबाइल बरामद हुए हैं। अपराध और अपराधियों के खिलाफ मटेरा पुलिस का कड़ा प्रहार जारी है। मात्र 36 घंटे में हुई इस गिरफ्तारी और बरामदगी से क्षेत्र के नागरिकों में सुरक्षा का भाव मजबूत




होगा। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्रवाई पूरी कर उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष रवाना कर दिया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की इलाके में काफी सराहना हो रही है।

# नानपारा लखीमपुर हाईवे पर गड्ढों का जाल, हादसों से दहशत

**नवीनीकरण के नाम पर 38 करोड रुपए चढ़े भ्रष्टाचार की भेंट**

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल




मोतीपुर, बहराइच। नानपारा लखीमपुर हाईवे मार्ग अब सुगम रास्तों के लिए नहीं बल्कि सड़क हादसों के लिए चर्चा में बना हुआ है। नानपारा से जालिम नगर पुल तक 38 किलोमीटर हाईवे के नवीनीकरण के लिए 38 करोड रुपए जारी किए गए थे नवीनीकरण भी हुआ लेकिन सड़क निर्माण में अनियमितता व भारी लापरवाही के चलते सड़क बनते ही बड़े-बड़े सैकड़ो गड्ढे दिखाई दे रहे हैं हाईवे पर हुए गड्ढों की वजह से लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही है वाहन चालक इन गड्ढों में अनियंत्रित होकर एक दूसरे में कहीं टकरा जाते हैं या फिसल कर गिर जाते हैं और दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं। नानपारा लखीमपुर हाईवे मार्ग को सुगम बनाने के लिए 2024 में डामरी करण के लिए 38 किलोमीटर हाईवे के लिए 38 करोड रुपए स्वीकृत किए गए थे 2024 में टेंडर प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई थी 2025 से इसका निर्माण कार्य की शुरू हुआ ।आगे आगे सड़क के मरम्मती करण का कार्य हो रहा है तो पीछे-पीछे सड़क में गड्ढे होते जा रहे हैं और सड़क फटती जा रही है क्षेत्रीय लोगों ने निर्माण कार्य के दौरान ही अनियमितता का आरोप लगाया था लेकिन जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया और 38 करोड रुपए भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गये ।गौर करें तो जनवरी 2026 से इधर लगभग 4 महीने में छोटे-बड़े लगभग तीन दर्जन सड़क हादसे हुए हैं जिसमें एक दर्जन से अधिक लोगों की मौत भी हो चुकी है और कई लोग घायल भी हुए हैं। नानपारा लखीमपुर हाईवे मार्ग पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओ से क्षेत्र के लोगों में काफी नाराजगी है लोग क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और सरकारी तंत्र को कोस रहे हैं।

# महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**सम्बन्धित अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश**

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। महाराजा सुहेलदेव जी के विजय उत्सव के अवसर पर विकास खण्ड चित्तौरा अन्तर्गत चित्तौरा झील के तट पर स्थित महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल पर 23 व 24 मई 2026 को आयोजित होने वाले विजय उत्सव कार्यक्रम के दृष्टिगत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक विष्वजीत श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, सीएमओ डॉ संजय कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी सौरभ दूबे, जिला विकास अधिकारी राजकुमार, डीपीआरओ चन्द्रभान सिंह, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार, जिला पर्यटन अधिकारी मनीष कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम श्री त्रिपाठी ने मंच स्थल, स्टाल व वीआईपी गैलरी, पार्किंग, आवागमन के रास्ते तथा कार्यक्रम में लगने वाले विभिन्न स्टालों के लिए ब्लाकवार ले-आउट प्लान तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होनें विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देष दिया कि लो वोल्टेज होने की दषा में नया ट्रॉसफार्मर लगाया जाय। जिससे बिजली आपूर्ति की व्यवस्था सुचारू रूप से हो सके। उन्होनें सम्बन्धित अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल की व्यापक स्तर पर साफ-सफाई, पेयजल, दवा, एम्बुलेन्स इत्यादि की सुगम व्यवस्था कराये जाने के भी निर्देश दिये। इससे पूर्व कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को विजय उत्सव कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सौपे गये उत्तरदायित्वों का षासन की मंषानुरूप अनुपालन सुनिष्चित कराये जाने के निर्देष दिये गये।

# महमूद शाह बाबा मजार के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज थाना क्षेत्र में स्थित महमूद शाह बाबा मजार के सामने गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि किसी अज्ञात वाहन ने महिला को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई ।कोतवाल कैसरगंज राजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि मृतका की पहचान 72 वर्षीय नूर जहां पत्नी मो. यासीन निवासी तख्वा बेडनापुर थाना फखरपुर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार नूर जहां गुरुवार को महमूद शाह बाबा मजार पर फातिहा करने के लिए आई थीं। वह किसी सवारी वाहन से उतरकर सड़क के दूसरी ओर जाने के लिए डिवाइडर पार कर रही थीं, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई ।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है।

# 08 करोड़ से अधिक लागत की 69 परियोजनाओं का सांसद बहराइच ने किया लोकार्पण

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में आयोजित समारोह के दौरान सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड द्वारा संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 अन्तर्गत रू. 4,00,91,988=00 (रू. चार करोड़ इक्यान्नबे हजार नौ सौ अटठासी) लागत की 33 तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 अन्तर्गत रू. 3,99,22,040=00 (रू. तीन करोड़ निन्यान्नबे लाख बाईस हजार चालीस) लागत की 36 कुल रू. 8,00,14,028=00 (रू. आठ करोड़ चौदह हजार अटठाईस) लागत की 69 परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया। कार्यदायी संस्था उ.प्र. लघु उद्योग निगम लि. (यूपीएसआईसी) निर्माण खंड-4, बहराइच द्वारा पूर्ण की गई 69 परियोजनाओं से ग्रामीण व शहरी कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से इंटरलॉकिंग, सी.सी. रोड, सोलिंग, पुल/पुलिया तथा नाली निर्माण जैसे बुनियादी ढांचे के कार्य सम्मलित हैं। लोकार्पण कार्यक्रम में अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बहराइच के प्रतिनिधि पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा श्यामकरन टेकड़ीवाल, जिला महामंत्री भाजपा रणविजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, जिला विकास अधिकारी राजकुमार, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण मनीष कुमार, कार्यदायी संस्था के सहायक अभियंता इं. चंद्र प्रकाश त्रिवेदी, अवर अभियंता उबैद उल्ला एवं अन्य अधिकारी व संभ्रांतजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक अभियंता इं. चंद्र प्रकाश त्रिवेदी द्वारा किया गया।

# रेप के आरोपी को पुलिस जीप से खींचने की कोशिश

**पीड़िता बोली- दिल्ली-अयोध्या में बेचा, ड्रग्स देकर की दरिंदगी, दुकान पर चला बुलडोजर**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , नाबालिग लड़की को प्रेमजाल में फंसाकर रेप किया गया। इसके बाद उसका अपहरण कर पहले अयोध्या फिर दिल्ली में बेच दिया गया। इस दौरान उसे ड्रग्स देकर कई लोगों ने गैंग रेप किया। लड़की ने किसी तरह अपनी मां को कॉल करके सूचना दी। मां ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी को पकड़ा और पीड़िता को छुड़ाया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस जब आरोपी का मेडिकल कराने अस्पताल ले गई तो हिंदू संगठन के कार्यकर्ता पहुंच गए। आरोपी को लव जिहादी बताकर हंगामा किया। 20 से ज्यादा हिंदू संगठन के कार्यकर्ता पीटने के लिए उसे जीप से खींचने लगे। पुलिसकर्मी रोकने लगे तो कार्यकर्ता पुलिस से भिड़ गए। इस दौरान पुलिस से तीखी झड़प हुई। किसी तरह आरोपी को बचाकर पुलिस थाने ले गई तो कार्यकर्ता थाने पहुंच गए और हंगामा करने लगे। इसके बाद पूरे थाने की फोर्स लगाकर उन्हें खदेड़ा गया। तब पुलिस आरोपी को सुरक्षित निकालकर हवालात में ले गई। पूरा मामला पट् ?टी कोतवाली क्षेत्र का है। पट्टी मार्केट में गुलजार नाम के युवक की कपड़े की दुकान है। पास के ही गांव की रहने वाली 15 साल की लड़की उसकी दुकान पर कपड़े लेने जाती थी। इस दौरान गुलजार उसे सस्ते कपड़े देकर कुछ गिफ्ट देने लगा और बातचीत कर अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। पीड़िता ने बताया- करीब 6 महीने पहले गुलजार ने मुझे मिलने अपनी दुकान पर बुलाया। कोल्ड्रिंक में नशीला पदार्थ देकर बेहोश कर दिया। इसके बाद मेरे साथ रेप किया। मेरा अश्लील वीडियो बना लिया गया। जिसके बाद उसने ब्लैकमेल कर करीब 6 महीने तक मेरे साथ रेप किया।

#### 8 अप्रैल को अपहरण कर बेच दिया

पीड़िता के मुताबिक, 8 अप्रैल को गुलजार ने फिर मिलने बुलाया। इसके बाद अपहरण कर मुझे दिल्ली ले जाकर मंगल नाम के युवक को बेच दिया गया।

## संक्षेप

### तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा

**रॉन्ग साइड से आए अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, चालक घायल और वाहन क्षतिग्रस्त**

बागपत ,कोतवाली क्षेत्र के काठा गांव के पास मंगलवार को एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने एक ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। इस हादसे में ई-रिक्शा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि उसका चालक आजाद मामूली रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, ई-रिक्शा चालक आहद बागपत से मवीकलां की ओर जा रहा था। जैसे ही वह काठा गांव के समीप पहुंचा, सामने से गलत दिशा (रॉन्ग साइड) में आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसके ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा सड़क किनारे पलट गया और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर मारने के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। उन्होंने घायल चालक आजाद को संभाला और तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर महिमा कला चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। घायल चालक को प्राथमिक उपचार दिलाया गया। गनीमत रही कि इस हादसे में चालक को कोई गंभीर चोट नहीं आई। मविकला चौकी प्रभारी अनिल यादव ने बताया कि इस मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर अज्ञात वाहन की पहचान करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### दो मकानों पर चला बुलडोजर

**राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल ने कार्रवाई पर उठाए सवाल, अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग**

बागपत ,कुरड़ी गांव में प्रशासन ने दो मकानों पर बुलडोजर की कार्रवाई की है। इस कार्रवाई को राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल के जिलाध्यक्ष आशीष वशिष्ठ ने गलत ठहराया है। उन्होंने बागपत के जिलाधिकारी (डीएम) से मुलाकात कर अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। आशीष वशिष्ठ ने बताया कि गांव में पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं थी। एक गड्ढा बना दिया गया था, जिससे लगातार गंदगी फैल रही थी। इन समस्याओं को लेकर ग्रामीण और उनकी पार्टी के पदाधिकारी धरना प्रदर्शन कर रहे थे। वशिष्ठ के अनुसार, अधिकारियों ने समस्याओं का समाधान करने के बजाय लोगों पर अनावश्यक दबाव बनाने के लिए मकानों पर बुलडोजर चलाया।

### राधना इनायतपुर गांव में विद्युत लाइन में आग

**अत्यधिक लोड से लगी, आपूर्ति बाधित; विभाग ने संभाला**

मेरठ , किठौर क्षेत्र स्थित राधना इनायतपुर गांव में मंगलवार दोपहर भीषण गर्मी के कारण विद्युत लाइन में आग लग गई। इस घटना से गांव की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बताया गया कि अत्यधिक गर्मी के चलते बिजली की मांग बढ़ने और लाइन पर अतिरिक्त लोड होने के कारण यह हादसा हुआ ।जानकारी के अनुसार, गांव की मुख्य विद्युत लाइन के 'लीड' में अचानक आग भड़क उठी। आग लगते ही आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तुरंत किठौर उपखंड कार्यालय को इसकी सूचना दी।

## जनपद में विद्युत संकट भाकियू अराजनैतिक गुट पहुंचा उपकेंद्र

### आज हो सकती है तहसील परिसर में महापंचायत

अमन लेखनी समाचार /शोभित शुक्ला

फतेहपुर। जनपद में विद्युत संकट से तवाह होकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक गुट के पदाधिकारियों ने विद्युत उपकेंद्र में बैठक संपन्न की यूनियन के अध्यक्ष सुधीर प्रताप सिंह उर्फ बबलू सिंह के साथ पहुंचे सभी किसानों एवं समाजसेवियों ने बैठक करते हुए अधिकारी तथा कर्मचारियों को अपनी समस्या से अवगत कराना चाहा परंतु विद्युत विभाग का कोई भी अधिकारी कर्मचारी समस्या सुनने नहीं आया जिससे आक्रोशित होकर संगठन के सभी पदाधिकारियों ने आज शुक्रवार को बिंदकी तहसील में महा पंचायत करने का संकल्प लिया तहसील अध्यक्ष ने बताया कि बिंदकी विद्युत उपखंड में बैठक संपन्न हुई जहां किसी भी अधिकारी ने कोई समस्या का समाधान नहीं किया जिससे सभी




पदाधिकारियों समेत जनता में आक्रोश फैल गया आज महापंचायत तहसील परिसर में होगी जहां विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ खंड विकास अधिकारी अमौली खजुहा मलवां तथा मंडी समिति के पदाधिकारियों को भी आमंत्रण की सूचना दी गई है विद्युत उपकेंद्र में तहसील अध्यक्ष बबलू सिंह के साथ संगठन के अन्य पदाधिकारी जैसे सुखीराम रवि सिंह जयनारायण सतीश अभय शैलेंद्र सिंह उत्तम दुबे अंगद सिंह पिंटू बाजपेई अनंत राम घनश्याम जवाहर आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे

## गैर शैक्षणिक जनगणना कार्य को लेकर शिक्षक समुदाय ने सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। जनपद के खजुहा विकासखंड शिक्षा क्षेत्र इकाई उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा गैर शैक्षणिक कार्य जनगणना को लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौपा गया बिंदकी तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए पदाधिकारियों ने बताया कि उन्हें निरंतर जनगणना ड्यूटी समेत अन्य गैर शैक्षणिक कार्य में लगा दिया जाता है जहां शिक्षा के पठन-पाठन पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है वहीं शिक्षकों ने अपील करते हुए कहा कि नगर निकाय ग्राम पंचायत या अन्य अनावश्यक कार्यों का शिक्षकों पर भार न डाला जाए जिससे स्वतंत्र होकर शिक्षक अपने विद्यालय तथा विद्यालय की शिक्षा पर विशेष बल दे सकें



शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष बलराम सिंह समेत पदाधिकारियों ने ज्ञापन में स्पष्ट रूप से मांग की कि क्षेत्र में कुछ शिक्षक दिव्यांग तथा बीमारी से ग्रसित भी है जिनके लिए सरकार रहमो करम बनाए रखें तथा ऐसे शिक्षकों को अतिरिक्त गैर शैक्षणिक कार्यों से दूर रखा जाए जिला अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण की एक आधारभूत शिला है जिसे अपने कार्य में लग्नशील रहने दें अन्य कार्यों की जिम्मेदारी देने पर दिन प्रतिदिन शिक्षा व्यवस्था चरमरा रही है इन सभी समस्याओ के समाधान के लिए शीघ्र निस्तारण हेतु उच्च अधिकारियों से अपील की गई

## शास्त्रीनगर के सेक्टर-2 में फिर शुरू हुआ धरना

**कुर्सियां पर बैठकर प्रदर्शन कर रहीं, एकं दिन पहले पुलिस ने टेंट उखाड़ दिया था**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , शास्त्री गर में सेक्टर 2 और 4 की महिलाओं द्वारा दो जगह सेटबैक के विरोध में धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। जिसमें बीते दिन सेक्टर 2 के धरने पर लगे टेंट को सीको सिविल लाइन शुचिता सिंह द्वारा हटवा दिया गया था ।उनका कहना था कि बाजार से लगातार शिकायत आ रही है कि टेंट लगा होने से आवागमन बाधित हो रहा है, जिसके चलते टेंट हटाया गया था। इसके बाद महिलाओं ने शाम को प्रेस वार्ता कर धरने को औपचारिक रूप से खत्म करने की घोषणा की थी लेकिन सोमवार को महिला फिर से धरने पर बैठ गई।



### सड़क किनारे बैठी महिलाएं

इस बार महिलाएं चौथी बार धरने पर बैठी हैं। पहले जहां महिलाएं टेंट लगा कर बैठी थी तो इस बार सड़क किनारे वह कुर्सियां बिछाकर बैठे हैं। उनका कहना है कि सड़क पर हम नहीं आएंगे, क्योंकि फिर आवागमन बाधित होने की शिकायत आती है। इसलिए अब हम यहां बैठेंगे और हमारा धरना निरंतर जारी रहेगा।

### गुस्से में बोला खत्म कर देंगे

धरने पर बैठी महिलाओं को कहना है कि जब पुलिस द्वारा यह बात बताई गई थी कि बाजार के ही कुछ लोगों ने शिकायत की है कि धरने से परेशानी हो रही है तो उसके बाद हमने गुस्से में यह बात कह दी थी कि हम यहां से धरना खत्म कर रहे हैं ।क्योंकि हम अपने घर व्यापार की लड़ाई लड़ रहे हैं इसलिए यह फिर भी जारी रहेगी ।सेक्टर 4 में भी बैठी है महिलाएं महिलाओं का एक अच्छा सेक्टर चार में भी सेटबैक के विरोध में धरने पर बैठा है

## जज साहब इसी ने मेरी मां का मर्डर किया

**मेरठ कोर्ट में बच्ची बोली- मारपीट कर दबा दिया था गला, 11 गवाहों के बयान दर्ज**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र में साढ़े तीन साल पहले हुई नसरीन की संदिग्ध मौत के मामले में अब चौंकाने वाला मोड़ आ गया है। अदालत में मृतका की 13 वर्षीय बेटी ने अपने पिता की ओर इशारा करते हुए कहा, इसी ने मेरी मां को मारा था ।इ बच्ची की इस गवाही के बाद कोर्ट में मौजूद लोग भी सन्न रह गए। कक्षा 7 में पढ़ने वाली बच्ची को इस मामले का अहम चश्मदीद गवाह माना जा रहा है। उसकी गवाही के बाद एक बार फिर पुलिस जांच और विवेचना पर सवाल खड़े होने लगे हैं।

### 19 तारीखों से कोर्ट नहीं पहुंचा विवेचक

मामला अपर जिला जज एफटीसी कोर्ट में विचाराधीन है। अब तक मृतका की बेटी, पिता, भाई, मां, पंचनामा गवाह और पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर समेत 11 गवाहों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं। इसके बावजूद मामले के अंतिम विवेचक एसआई संजय वर्मा लगातार 19 तारीखों से अदालत में बयान दर्ज कराने नहीं पहुंचे। वर्तमान में उनकी तैनाती बुलंदशहर पुलिस लाइन में बताई जा रही है। लगातार गैरहाजिरी से नाराज अदालत ने विवेचक के खिलाफ गिरफ्तारी की कार्रवाई के लिए पत्रावली अग्रसारित कर दी है। पीड़ित परिवार का कहना है कि पुलिस की लापरवाही के चलते उन्हें समय पर न्याय नहीं मिल पा रहा।

### 2022 में हुई थी नसरीन की मौत

नसरीन के पिता शफीकुद्दीन निवासी निजामुद्दीन ने लिसाड़ी गेट थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। उनके अनुसार वर्ष 2011 में नसरीन का निकाह हुमायूंनगर निवासी आमिर खान से हुआ था। शादी के बाद से ही दहेज को लेकर बेटी को प्रताड़ित किया जाता था। आरोप है कि 26 नवंबर 2022 को आमिर खान ने नसरीन के भाई साकिब को फोन कर सिर्फ इतना कहा कि उसकी तबीयत खराब है। जब मायके वाले ससुराल पहुंचे तो नसरीन की मौत हो चुकी थी। आरोप है कि ससुराल पक्ष ने जल्दबाजी में शव को दफना भी दिया था।

### कब्र से निकलवाया गया शव

मायके वालों को शक होने पर उन्होंने पुलिस से शिकायत की। प्रशासन की अनुमति के बाद शव को कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सांस नली की हड्डी टूटने की पुष्टि हुई। रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या किए जाने की बात सामने आई। इसके बाद पुलिस ने पति आमिर खान, ससुर जान मोहम्मद, सास जर्करूननिशा और दोनों जेठ नदीम व फिरोज के खिलाफ हत्या और दहेज उत्पीड़न की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चार्जशीट दाखिल की।

## भीषण गर्मी में जवाब देने लगे ट्रांसफार्मर

**साकेत और प्रभातनगर को सप्लाई देने वाले ट्रांसफार्मर में लगी आग, लेट पहुंची फायर ब्रिगेड**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , भीषण गर्मी में ट्रांसफार्मर भी जवाब देने लगे हैं। पॉश कॉलोनी साकेत में एक ट्रांसफार्मर में अचानक आग लगने के बाद खलबली मच गई। लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। साथ ही बिजली घर के कर्मचारियों को भी अवगत करा दिया। कर्मचारी आग बुझाने वाले उपकरण लेकर पहुंचे और 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। चौंकाने वाली बात यह थी कि फायर ब्रिगेड की गाड़ी तक पहुंची जब आग बुझ गई थी।

### पहले एक नजर डालते हैं हादसे पर

साकेत में छकउ पेट्रोल पंप के सामने दो बड़े ट्रांसफार्मर रखे हैं। इन दोनों ट्रांसफार्मर से प्रभात नगर और साकेत को बिजली की आपूर्ति होती है। दोपहर यहां लगे एक ट्रांसफार्मर में अचानक आग की लपेट उठने लगी। आसपास मौजूद लोगों ने जब यह नजारा देखा तो उनमें अफरा तफरी मच गई। देखते ही देखते सड़क के दोनों तरफ वाहन खड़े हो गए ।लोगों ने फायर



ब्रिगेड को की सूना आग लगते देख कुछ लोगों ने फायर ब्रिगेड को फोन मिला दिया। कुछ लोग भाग कर बिजली घर पहुंचे और कर्मचारियों को ट्रांसफार्मर में लगी आग के बारे में बताया। कुछ ही देर में बिजली घर का लाइनमैन सुनील अपने एक साथी को लेकर मौके पर पहुंच गया। उन्होंने फायर एक्सटिंग्विशर की मदद से आग बुझाने का काम शुरू किया। एक के बाद एक 6 फायर एक्सटिंग्विशर लग गए तब जाकर आग बुझी ।फायर ब्रिगेड देर से पहुंची, लोग नाराज बिजली घर के कर्मचारियों की सूझबूझ से आग बुझ गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी तब पहुंची जब आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। इसको लेकर लोगों में खासी नाराजगी देखने को मिली। उनका कहना था कि जिस जगह आग लगी है, वहां से फायर ब्रिगेड का ऑफिस एक किलोमीटर की दूरी पर भी नहीं है ।

## पेट्रोल-डीजल और सीएनजी महंगी हुई

**पेट्रोल 98.44, डीजल 91.74 रुपए लीटर और सीएनजी 88.70 रुपए किलो बिक रही**

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद , पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 19 मई से फिर बढ़ोतरी हो गई है। इस बार दोनों ईंधनों के दाम औसतन 90-90 पैसे प्रति लीटर बढ़ाए गए हैं। पिछले पांच दिनों में यह दूसरी बार है जब कीमतों में इजाफा हुआ है। इससे पहले 15 मई को पेट्रोल और डीजल के दाम 3-3 रुपए प्रति लीटर बढ़ाए गए थे। वहीं, एक सप्ताह के भीतर सीएनजी के दामों में भी दो बार बढ़ोतरी की जा चुकी है। लगातार बढ़ती कीमतों का असर अब आम लोगों की जेब पर दिखाई देने लगा है।



### गाजियाबाद में नए रेट लागू

गाजियाबाद पेट्रोल पंप एसोसिएशन के अध्यक्ष विपिन कुमार शर्मा ने बताया कि गाजियाबाद में आज से पेट्रोल 98.44 रुपए प्रति लीटर और डीजल 91.74 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सभी पेट्रोल पंपों पर नए रेट बोर्ड और मशीनों पर अपडेट कर दिए गए हैं, ताकि ग्राहकों को सही जानकारी मिल सके।

### सीएनजी के दाम भी बढ़े

दिल्ली-एनसीआर में 17 मई से सीएनजी की कीमत में 1 रुपए प्रति किलो की बढ़ोतरी की गई है। 48 घंटे के भीतर यह दूसरी बढ़ोतरी है ।नई कीमतों के बाद दिल्ली में सीएनजी 80.09 रुपए प्रति किलो हो गई है, जबकि गाजियाबाद और नोएडा में इसका रेट 88.70 रुपए प्रति किलो पहुंच गया है। लोगों ने जताई चिंतागाजियाबाद निवासी अमित का कहना है कि लगातार बढ़ती कीमतों से लोगों की परेशानी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि एनसीआर में बड़ी संख्या में लोग सीएनजी वाहनों का इस्तेमाल करते हैं और बार-बार दाम बढ़ने से अब लोग दोपहिया वाहनों की ओर जाने की सोच रहे हैं ।वहीं कविनगर निवासी अंकुश अरोड़ा ने कहा कि लोगों को जरूरत के हिसाब से ही वाहनों का इस्तेमाल करना चाहिए और ईंधन की बचत पर ध्यान देना चाहिए ।मार्च 2024 के बाद पहली बड़ी बढ़ोतरीदेश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मार्च 2024 से स्थिर बनी हुई थीं। लोकसभा चुनाव से पहले सरकार ने उस समय 2 रुपए प्रति लीटर की कटौती की थी। इसके बाद लंबे समय तक कीमतों में बदलाव नहीं हुआ था।

## मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर ने विपक्ष पर साधा निशाना

**बोले, संकट में दूसरे देशों की प्रशंसा करना दुर्भाग्यपूर्ण; 2017 के बाद मेरठ की बदली तस्वीर**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल में स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री बनने के बाद डॉ. सोमेंद्र तोमर मेरठ पहुंचे। उन्होंने सर्किट हाउस में एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अपनी यात्रा के लिए पार्टी के छात्र संगठन, युवा मोर्चा और भारतीय जनता पार्टी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन्हें सिखाया है कि देश पर संकट आने पर बाकी सब बाद में आता है, क्योंकि हमारी पार्टी में 'पार्टी सेकंड और हम लास्ट' की विचारधारा है। मंत्री तोमर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि आज मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि पूरे विश्व में सबसे सुरक्षित देश यदि कोई है तो वह भारत है। यह मोदी जी के अच्छे नेतृत्व के कारण ही संभव हो पाया है। उन्होंने देश के लिए कार्यकताओं के 'गिलहरी' जैसे सहयोग का भी जिक्र किया। विपक्ष का काम केवल




आलोचना करना, जनता सबक सिखाएगी विपक्ष पर निशाना साधते हुए डॉ. तोमर ने कहा कि विपक्ष का काम केवल आलोचना करना है। उन्होंने इसे दुखद बताया कि देश में ऐसा विपक्ष है जो संकट के समय भी दूसरे देशों की प्रशंसा करता है। उन्होंने महिला आरक्षण का विरोध करने वाले विपक्ष की भी कड़ी आलोचना की। मंत्री ने कहा कि पूरा देश ऐसे विपक्ष को देख रहा है, और महिलाओं ने लोकसभा में महिला आरक्षण का विरोध करने वालों की तस्वीरें देखी हैं ।उन्होंने मंत्रिमंडल विस्तार के संदर्भ में बताया कि मंत्रिमंडल में 60 सदस्य होने चाहिए थे, जिनमें से छह पद खाली थे ।सेंट्रल मार्केट प्रकरणः सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन करना चाहिए शास्त्री नगर सेंट्रल मार्केट प्रकरण पर सोमेंद्र तोमर ने कहा यह विषय सर्वोच्च न्यायालय का है। कुछ लोग वहां जाकर गलत भाषण दे रहे हैं। वर्ष 2015 में जब व्यापारी कोर्ट गए थे। उस समय किसकी सरकार थी। जब हाई कोर्ट में सेंट्रल मार्केट के विरोध में निर्णय आया तो केवल एक ही विकल्प बचा था सर्वोच्च न्यायालय का, उन्होंने इस प्रकरण को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के समक्ष भी रखा हैं। उन्होंने व्यापारियों से अनुरोध किया है कि धैर्य बनाए रखें व्यापारियों के हित में विकल्प ढूंढा जा रहा है।

## चलती कार में लगी आग

**ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान, शॉर्ट सर्किट से हादसा**

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर , नोएडा के सेक्टर-63 क्षेत्र में देर रात एक चलती हुई रेनॉल्ट कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते कार आग के गोले में बदल गई और पूरी तरह जलकर खाक हो गई। घटना फ्लाईओवर बहलोलपुर के पास की है। गनीमत रही कि चालक समय



रहते कार से कूद गया, जिससे उसकी जान बच गई और कोई जनहानि नहीं हुई ।बताया जा रहा है कि घटना रात करीब 1:11 बजे की है। कार सेक्टर-63 के व्यस्त इलाके से गुजर रही थी, तभी अचानक वाहन से धुआं निकलने लगा। कुछ ही देर में आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। आसपास मौजूद लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन लपटें इतनी तेज थीं कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दमकल टीम घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी और केवल उसका ढांचा ही चा था।

## सपा का दादरी में भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

**महंगाई, नीट पेपर लीक और सिलेंडर के बढ़े दामों का विरोध**

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर, समाजवादी पार्टी (सपा) ने ग्रेटर नोएडा के दादरी में भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन बढ़ती महंगाई, विशेषकर डीजल, पेट्रोल, सीएनजी और कमर्शियल सिलेंडर के दामों में वृद्धि, तथा ठएएळ पेपर लीक मामले को लेकर आयोजित किया गया था। सैकड़ों की संख्या में सपा कार्यकताओं ने हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर दादरी की सड़कों पर पैदल मार्च किया। इस दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व सपा जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने किया ।कार्यकताओं ने बढ़ती महंगाई को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कुछ दिनों से डीजल, पेट्रोल, सीएनजी और कमर्शियल सिलेंडर के दामों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे आम आदमी के लिए घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है ।नीट पेपर लीक मामले पर भी जोरदार विरोध दर्ज कराया गया। सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार लगातार छात्रों के भविष्य के साथ



खिलवाड़ कर रही है, जिससे उनकी शिक्षा और करियर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है ।जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों के कारण आम आदमी के लिए घर का खर्च चलाना दूभर हो गया है। उन्होंने बताया कि तेल और घरेलू सामान की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भाटी ने सरकार से तत्काल महंगाई पर लगाम लगाने की मांग की।

## मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार

**पैसे के विवाद में 20 साल के युवक की हत्या की थी, वारदात के बाद से फरार थे**

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर ,नोएडा के थाना सेक्टर-63 क्षेत्र में हत्या के आरोपियों और पुलिस के बीच देर रात मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए, जबकि दो बाल अपचारियों को भी हिरासत में लिया गया है। सभी आरोपी एक युवक की हत्या के मामले में फरार चल रहे थे। पुलिस के अनुसार चोटपुर कॉलोनी निवासी 20 साल के दीपक का अमन और पीयूष से पैसों को लेकर विवाद हुआ था। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने दीपक पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां



उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने दर्ज मुकदमे में हत्या की धारा बढ़ा दी। पुलिस को देखकर भागने लगे आरोपी डीसीपी सेंट्रल नोएडा शैलेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम एफएनजी रोड पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया।

# मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान की ओर सशक्त पहल

**महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।**

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है.पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों–जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य–पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

### महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

112-आपातकालीन सेवा
1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन
181-महिला हेल्पलाइन
1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन
1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# पुलिस अधीक्षक ने सुनी आमजन की समस्याएं, त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण के दिए निर्देश



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई/जनता दर्शन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पूर्ण तत्परता के साथ सुना गया। कार्यक्रम के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, गुमशुदगी, साइबर धोखाधड़ी, राजस्व प्रकरणों एवं अन्य पुलिस संबंधी मामलों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रकरण का स्वयं संज्ञान लेते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट निर्देश प्रदान किए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण एवं तथ्यपरक जांच की जाए तथा पीड़ितों को की गई कार्यवाही से समय पर अवगत कराया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही, विलंब या उत्पीड़न पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई। जिन मामलों में त्वरित हस्तक्षेप आवश्यक है, उनमें तत्काल विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# देश की प्रगति और सशक्तिकरण में अग्रवाल समाज का योगदान प्रेरणादायी – ओम बिरला

अमन लेखनी समाचार




नई दिल्ली। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अधिवेशन के अंतर्गत आयोजित नवनिर्वाचित अध्यक्ष बसंत मित्तल के पदग्रहण एवं शपथ ग्रहण समारोह में स्वामी बालकानन्द गिरी महाराज तथा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की गरिमामयी एवं प्रेरणादायी उपस्थिति ने समारोह की भव्यता को और अधिक गौरवान्वित किया। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने संबोधन में कहा कि ह्लदेश की प्रगति और सशक्तिकरण में अग्रवाल समाज का योगदान सदैव प्रेरणादायी रहा है ह्व दिल्ली स्थित ले मेरिडियन में आयोजित इस विशेष समारोह में देशभर से आए समाज के गणमान्य सदस्यों, वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं प्रतिष्ठित अतिथियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिसने आयोजन को अत्यंत गरिमामय एवं यादगार बना दिया। इस महत्वपूर्ण एवं शुभ अवसर पर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के नव निर्वाचित उपाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र अग्रवाल एवं सम्मेलन की स्थायी न्यासी (ढीशेंल्लील्लइ ळ१४२३ी) डॉ. सुमन आर. अग्रवाल ने उपस्थित होकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष बसंत मित्तल को अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई प्रेषित की तथा उनके सफल एवं प्रेरणादायी कार्यकाल की मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं। सम्मेलन के नए नेतृत्व के अंतर्गत राष्ट्रीय महामंत्री पद पर गोपाल गोयल एवं विनोद गोयल का चयन किया गया, वहीं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष के रूप में नत्थूराम जैन को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया। सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को समाज के उत्थान, संगठन की मजबूती एवं अग्रवाल समाज की सेवा हेतु शुभकामनाएँ दी गईं। यह राष्ट्रीय अधिवेशन केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज की एकता, संगठनात्मक शक्ति एवं उज्ज्वल भविष्य के प्रति सामूहिक संकल्प का प्रतीक बनकर उभरा। उपस्थित सभी सदस्यों ने नवगठित नेतृत्व के प्रति अपना पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए आशा जताई कि उनके मार्गदर्शन में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगा तथा समाजहित में अनेक प्रेरणादायी और जनकल्याणकारी कार्य संपन्न करेगा।

**खास समाचार**

## चोपन पुलिस की प्रभावी कार्यवाही साइबर ठगी के प्रकरण में पीड़ित के 19,500/- कराए गए वापस

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर ठगी से पीड़ित व्यक्तियों को त्वरित राहत प्रदान किये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना चोपन अखिलेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में थाना चोपन की साइबर हेल्प डेस्क द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए साइबर ठगी के शिकार पीड़ित की धनराशि वापस कराई गई। वादी शिवशंकर सिंह के साथ दिनांक 14.11.2025 को अज्ञात साइबर अपराधियों द्वारा क्रेडिट कार्ड के माध्यम से साइबर फ्रॉड किया गया था, जिसके फलस्वरूप वादी के बैंक खाते से कुल 30,191/- की धनराशि अवैध रूप से निकाल ली गई थी। उक्त घटना के संबंध में पीड़ित द्वारा राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत पंजीकृत कराई गई थी। प्रकरण की जांच के दौरान साइबर टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण कर संदिग्ध ट्रांजेक्शनों को ट्रेस किया गया तथा संबंधित बैंक से समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक ई-मेल एवं नोडल पत्राचार किया गया। तत्पश्चात संबंधित धनराशि को होल्ड/फ्रीज कराते हुए नियमानुसार रिवर्सल की कार्यवाही कराई गई। उक्त समन्वित एवं त्वरित कार्यवाही के फलस्वरूप पीड़ित की फ्रॉड हुई धनराशि में से 19,500/- (उन्नीस हजार पाँच सौ रुपये) सफलतापूर्वक रिकवर कर उसके मूल बैंक खाते में वापस कराए गए। पीड़ित द्वारा थाना चोपन पुलिस की साइबर टीम के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

## पिपरी पुलिस द्वारा वाहन सहित लगभग 05 लाख रुपये कीमत की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, 03 अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा मादक पदार्थों एवं अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष पिपरी राजेश चौबे के कुशल नेतृत्व में थाना पिपरी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। थाना पिपरी पुलिस द्वारा चेकिंग एवं गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पररनटोला क्षेत्र में एक संदिग्ध फिएट कार संख्या इफ01अर8250 को घेराबंदी कर पकड़ा गया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। मौके से 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण मध्य प्रदेश से शराब लाकर बिहार में ऊँचे दामों पर बिक्री करने हेतु परिवहन कर रहे थे। अभियुक्तगणों के विरुद्ध थाना पिपरी पर मु0अ0सं0-93/2026 धारा 60/63/72 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर बरामद वाहन को धारा 207 एमवी एक्ट के अंतर्गत सीज किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय रवाना किया गया।



# खाली गैस सिलेण्डर रखकर चूल्हे पर बनायी चाय, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



बस्ती । बहुजन मुक्ति पार्टी मंडल अध्यक्ष हृदय गौतम, युग विंग जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश गौतम के नेतृत्व में तीन चरण बद्ध आंदोलन की कड़ी में घरेलू गैस, स्मार्ट मीटर, डीजल, पेट्रोल सहित जनहित के 15 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुये जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया। इसके पूर्व जिलाधिकारी कार्यालय के सामने चूल्हे पर चाय बनाकर खाली गैस सिलेंडर रखकर प्रदर्शन करते हुये सरकार को जन समस्याओं को लेकर आईना दिखाया गया। भारत मुक्ति मोर्चा के पूर्वांचल जोन प्रभारी आर. के. आरतियन चंद्रिका प्रसाद ने ज्ञापन सौंपने के बाद कहा कि समस्याओं का समुचित निराकरण न हुआ तो आन्दोलन जारी रहेगा। कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा महंगाई, बेरोजगारी पर अंकुश लगाने में विफल है। स्मार्ट मीटर द्वारा अधिकतम बिजली बिल उपभोक्ताओं पर थोपा जा रहा है। महंगे घरेलू गैस और कॉमर्शियल गैस एवं महंगे पेट्रोल-डीजल ने देश के बहुजन समाज के लोगों की आर्थिक कमर तोड़ने का सुनियोजित षड्यंत्र केन्द्र सरकार द्वारा किया जा रहा है। इसके विरोध में राष्ट्रव्यापी आंदोलन किया जा रहा है। राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में कहा गया है कि एक तरफ इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के द्वारा जनता के वोटों की चोरी हो रही है तो वहीं दूसरी तरफ स्मार्ट के द्वारा जनता को लूटा जा रहा है। विद्युत सप्लाई ना करते हुए भी उपभोक्ताओं पर स्मार्ट मीटर द्वारा बिल थोपा जा रहा है। इस पर रोक लगाया जाय। घरेलू गैस रूपया 1500 से लेकर 2000 तक और कॉमर्शियल गैस रू. 2500 से लेकर रू. 3500 तक महंगा कर दिया है। देश के प्रत्येक नागरिकों को रोजी-रोटी, कपड़ा-मकान, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा मिलनी चाहिए, लेकिन वर्तमान केन्द्र सरकार की गलत नीतियों के कारण देश की आम जनता परेशान है। घरेलू गैस सिलेण्डर के लिये लोग परेशान है, कॉमर्शियल गैस की आपूर्ति रूकने से होटल, ढाबा और रेस्टोरेंट का काम पूरी तरह से ठप हो चुका है। इसके कारण बेरोजगारी लगातार बढ रही है। गैस एजेंसियां एजेंटां के माध्यम से कालाबाजारी कर ब्लैक से महंगे कीमतों में सिलेण्डर गैस बेच रही है। पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों ने कर्मचारी, किसान-श्रमिक, युवा-छात्रों को प्रभावित किया है।

# कॉरपोरेट क्षेत्र को विशेष छूट और डीप डिस्काउंटिंग पर तुरंत रोक लगाई जाए

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र ।जिलाधिकारी ने ज्ञापन प्राप्त करते हुए व्यापारियों को आश्वासन दिया कि उनकी सभी मांगें माननीय प्रधानमंत्री महोदय तक भेज दी जाएंगी ।इन संगठनों का समर्थनइस बंद को उत्तर प्रदेश व्यापार प्रतिनिधि मंडल (वढटरफअ) सहित अन्य फामेर्सी संगठनों का भी पूर्ण समर्थन प्राप्त रहा ।प्रमुख रूप से शामिलप्रदर्शन में दवा विक्रेता समिति मिजार्पुर के अध्यक्ष प्रमोद कुमार द्विवेदी, सचिव संजय कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष रणजीत मौर्य, महामंत्री पंकज केसरी, कोषाध्यक्ष सुशील कुमार, संगठन मंत्री जयप्रकाश सेठ, उपसचिव बीपी सिंह, कार्यकारी सदस्य रितेश गुप्ता, धीरज कुमार गुप्ता सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष शत्रुघ्न केसरी, अखिलेश मिश्रा, उमा बरनवाल, नमिता केसरवानी, संजय कपूर, अमन दुबे, हिमांशु सेठ, शिवांशु दुबे, दिलीप सिंह दरबार, सुनील कुमार, अमित श्रीवास्तव, शिवम गुप्ता, अशोक दुबे, चंदन शुक्ला, दीनदयाल, राहुल बरनवाल, शीतला प्रसाद जायसवाल, राजेश यादव, जगदीश जायसवाल, आनंद गुप्ता, महेश गुप्ता, चंदन यादव, मदन मौर्य, संजय मौर्य, सर्वेश मौर्य, संजय जायसवाल, आशीष कुमार, आयुष यादव, शिवम जायसवाल, राहुल श्रीवास्तव, अभिषेक शर्मा समेत सैकड़ों दवा व्यापारी सक्रिय रूप से शामिल हुए ।व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें शीघ्र पूरी नहीं की गईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ भव्य शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



चोपन/सोनभद्र - रेलवे रामलीला मैदान में आयोजित ऐतिहासिक फोर बाउंड्री नाइट क्रिकेट टूनामेंट का शुभारंभ मंगलवार को बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में हुआ। टूनामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि मण्डल यातायात प्रबंधक रंजीत कुमार एवं विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली द्वारा किया गया। आयोजन ऑल इंडिया एससी-एसटी एसोसिएशन शाखा चोपन के तत्वावधान में कराया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मण्डल यातायात प्रबंधक रंजीत कुमार ने खिलाड़ियों एवं उपस्थित खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के टूनामेंट आपसी तालमेल, भाईचारा और मनोरंजन को बढ़ावा देने के साथ-साथ फिटनेस बनाए रखने का भी माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि खेल को जीत-हार के नजरिए से नहीं बल्कि खेल भावना से देखना चाहिए। साथ ही आयोजनकताओं को इस शानदार आयोजन के लिए बधाई दी। विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने भी आयोजन समिति एवं उपस्थित जनता को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चोपन में इस तरह के ऐतिहासिक खेल आयोजनों का निरंतर आयोजन होना चाहिए, जिससे युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिले। उन्होंने एसोसिएशन से जुड़े सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया ।उद्घाटन मैच में डीटीएम11 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एसडीएम11 को हराकर जीत दर्ज की। मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मनीष चीफ कंट्रोलर को ह्लमैन ऑफ द मैचह्व घोषित किया गया। बुधवार का मुकाबला टीचर इलेवन और बैंक इलेवन के बीच शाम 7 बजे से रेलवे रामलीला खेल मैदान, चोपन में खेला जाएगा। फ्लड लाइट्स की रोशनी में खेले जा रहे इस नाइट टूनामेंट में फोर बाउंड्री नियम के कारण दर्शकों को तेज रन गति और रोमांचक मुकाबलों का आनंद मिल रहा है। चोपन एवं आसपास के क्षेत्रों के बेहतरीन खिलाड़ी टूनामेंट में हिस्सा ले रहे हैं, जिससे खेल प्रेमियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। टूनामेंट का सफल संचालन शाकिब खान ने किया। कार्यक्रम में एटीएम रेलवे, तहसीलदार ओबरा,नायब तहसीलदार ओबरा, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, कार्यक्रम अध्यक्ष शत्रुधन भारती, कार्यक्रम सचिव मनीष कुमार,थाना प्रभारी अखिलेश मिश्रा, एम पी सिंह, डीएन महतो, अलीमुद्दीन, वी के द्विवेदी, धीरेन्द्र सिंह, महेंद्र प्रसाद, राकेश, सूर्यकांत, बृजभान, दीपक कुमार, विकास कुमार, अभिषेक सिंह, एस.बी.सिन्हा, अखिलेश सिंह यादव, संतोष कुमार, एके भारती, कनक ओझा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने टूनामेंट की शानदार शुरूआत पर प्रसन्नता व्यक्त की।

# किशोरियों को दी गयी मासिक धर्म स्वच्छता की जानकारी



**कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों सहित प्रत्येक ब्लॉक के एक कॉलेज में हुआ आयोजन**

**28 मई को प्रस्तावित मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के उपलक्ष्य में हुए कार्यक्रम**

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा के निर्देश पर बुधवार को जिले के सभी कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों सहित प्रत्येक ब्लॉक के एक राजकीय गर्ल्स इंटर कॉलेज में मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया गया। आगामी 28 मई को प्रस्तावित मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के उपलक्ष्य में हुए इस आयोजन के दौरान करीब बीस हजार किशोरियों को एक ही दिन में मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श व दवाएं दी गयीं। इस दौरान कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में निःशुल्क सेनेटरी पैड भी वितरित किए गए। किशोरियों की आंखों की जांच हुई और चश्मे वितरित किए गए। सीएमओ डॉ राजेश झा ने बताया कि कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में हुए आयोजन में करीब 2200 किशोरियों ने हिस्सा लिया, वहीं जिले के सभी ब्लॉकों में गर्ल्स इंटर कॉलेज में करीब 17000 छात्राओं ने जनजागरूकता व स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। सरदारनगर के डुमरी खास स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में हुए आयोजन में जिला स्तरीय टीम ने भी हिस्सा लिया। इस आयोजन में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ सर्वजीत प्रसाद, जिला कार्यक्रम प्रबंधक पंकज आनंद, आरबीएसके योजना की डीईआईसी मैनेजर डॉ अर्चना, मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता डॉ सूर्य प्रकाश, जेई एईएस कंसल्टेंट डॉ सिद्धेश्वरी सिंह और ब्लॉक स्तरीय टीम के सहयोग से किशोरियों को वृहद स्वास्थ्य जांच की सुविधा दी जा सकी। इस अवसर पर मासिक धर्म स्वच्छता के साथ-साथ एनीमिया और संचारी रोगों से बचाव के बारे में भी किशोरियों को जागरूक किया गया। डॉ झा ने बताया कि स्कूल-कॉलेज में 28 मई के अवकाश को देखते हुए मासिक धर्म स्वच्छता संबंधित आयोजन अभी से शुरू कर दिए गये हैं। आरबीएसके टीम की मदद से बुधवार को जिले के सभी ब्लॉकों में यह आयोजन किए गए। सरदारनगर के डुमरी खास में हुए कार्यक्रम में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ श्वेता सिंह ने किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

किशोरियों को बताया गया कि मासिक धर्म कोई बीमारी नहीं है, बल्कि शरीर की एक प्राकृतिक क्रिया है। मासिक धर्म के दौरान व्यक्तिगत साफ-सफाई अति आवश्यक है। ऐसा न करने से संक्रमण का खतरा बना रहता है।

# अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित की गई नक्सल समन्वय गोष्ठी

**सीमावर्ती जनपदों के अधिकारियों के साथ सुरक्षा एवं समन्वय को लेकर हुई विस्तृत चर्चा।**

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र। पुलिस लाइन चुर्क स्थित सभागार कक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल की अध्यक्षता में नक्सल समन्वय गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में जनपद पुलिस, पीएसी, अन्य संबंधित विभागों तथा सीमावर्ती जनपद मीरजापुर एवं चन्दौली से आये अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। गोष्ठी के दौरान नक्सली गतिविधियों एवं संभावित संचरण के दृष्टिगत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने, विभिन्न जनपदों एवं सुरक्षा एजेंसियों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा नियमित रूप से कॉम्बिंग एवं एरिया डोमिनेशन अभियान संचालित किये जाने पर विस्तृत चर्चा की गई। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि अभियान के दौरान स्थानीय ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनका त्वरित एवं प्रभावी निराकरण कराया जाए तथा ग्रामीणों के साथ सतत संवाद स्थापित कर उन्हें किसी के बहकावे में न आने एवं किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस एवं प्रशासन को देने हेतु जागरूक किया जाए। गोष्ठी में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, खुफिया तंत्र को सक्रिय रखने, सीमावर्ती क्षेत्रों में संयुक्त अभियान चलाने एवं जनसहभागिता बढ़ाने सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ0 चारु द्विवेदी, डिप्टी सीएमओ सोनभद्र डॉ0 शैलेन्द्र, प्रभारी निरीक्षक जोनल नक्सल अभिसूचना इकाई श्री राणा प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक स्थानीय अभिसूचना इकाई महेन्द्र प्रताप यादव, कम्पनी कमाण्डर 48वीं आईआर वाहिनी मनोज कुमार सहित जनपद के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# खरीफ अभियान-2026 हेतु सहकारी समितियों पर उर्वरक उपलब्धता बढ़ी

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। किसान भाइयों को खरीफ अभियान- 2026 के दौरान उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सोनभद्र द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की संस्तुति के उपरांत दिनांक 05 मई 2026 को जनपद की 41 सहकारी समितियों में कुल 769.500 मीट्रिक टन यूरिया तथा दिनांक 20 मई 2026 को 05 सहकारी समितियों में कुल 121.000 मीट्रिक टन पीपीएल फास्फेटिक उर्वरक के आवंटन को अनुमोदन प्रदान किया गया है। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, सोनभद्र ने अवगत कराया कि आवंटित उर्वरकों के सापेक्ष पीसीएफ द्वारा सहकारी समितियों एवं उर्वरक बिक्री केंद्रों पर उर्वरक भेजने की कार्रवाई तेजी से की जा रही है, जिससे किसानों को समय से उर्वरक उपलब्ध हो सके। कृषक बंधुओं से अपील की गई है कि वे अपने निकटतम सहकारी समिति अथवा उर्वरक केंद्र से संपर्क कर उर्वरकों की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त करें तथा निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरक खरीदें। यदि कहीं कालाबाजारी, ओवररेटिंग अथवा कृत्रिम अभाव की शिकायत मिले तो तत्काल सहकारिता विभाग के कंट्रोल रूम मोबाइल नंबर 9198788248, 9451637073 अथवा जिला कृषि अधिकारी कार्यालय के मोबाइल नंबर 9452165778 एवं अपर जिला कृषि अधिकारी के मोबाइल नंबर 8881173660 पर सूचना दें, ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982


E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

बढ़ते तापमान की वजह से कई ऐसे बैक्टीरिया, फंगस एक्टिव हो जाते हैं, जो फूड प्वॉइजनिंग की वजह बनते हैं। ऐसे में यह जानना बहुत जरूरी है कि इसके होने के क्या कारण हैं, इसके प्रमुख लक्षण क्या हैं और इससे बचने के क्या उपाय हो सकते हैं।

# इस सीजन में बढ़ता है फूड प्वॉइजनिंग का रिस्क


प्रिकॉशन

डॉ. माजिद अलीम

इन दिनों प्रचंड गर्मी पड़ रही है। मौसम के बदलते मिजाज ने अचानक फूड प्वॉइजनिंग की समस्या पिछले सालों के मुकाबले कहीं ज्यादा बढ़ा दी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक इसका कारण यह है कि सुबह तेज धूप होती है, दोपहर में जबर्दस्त उमस और बीच-बीच में अचानक बारिश हो जाती है। जिस कारण खाने-पीने की चीजें जल्दी खराब हो रही हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि यह मौसम बैक्टीरिया और वायरस के पनपने का बेहद अनुकूल मौसम है। इसलिए इन गर्मियों में पिछले सालों के मुकाबले कहीं ज्यादा सावधानी से रहने की जरूरत है।

**रोग के कारण:** लोग अकसर सोचते हैं कि फूड प्वॉइजनिंग बाहर के खाने से होती है। सच यह है कि गर्मियों में घर का खाना भी जरा सी लापरवाही से संक्रमित हो जाता है। खासकर दूध, दही, कटे फल, चावल, मांसाहारी भोजन आदि। सड़क किनारे बिकने वाले खाद्य पदार्थ भी इस मौसम में बहुत जल्दी खराब होते हैं। वास्तव में गर्मी और नमी का मेल बैक्टीरिया के लिए आदर्श वातावरण तैयार करता है। ऐसे में यदि भोजन लंबे समय तक खुले में रखा रहा, तो उसमें संक्रमण होने की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। इस मौसम में सबसे ज्यादा खतरा उन खाद्य पदार्थों को लेकर होता है, जो लंबे समय तक बाहर रखे रहते हैं, बार-बार गर्म किए जाते हैं, बाहर खुले में बिक रहे होते हैं और गंदे पानी से बनाए गए होते हैं। इन दिनों सड़क किनारे मिलने वाले चाट, कटे फल, ठंडे पेय में इस्तेमाल पानी आमतौर पर सही नहीं होता। इस कारण ये संक्रमण का स्रोत बन जाते हैं।



**फूड प्वॉइजनिंग के लक्षण:** जब भोजन या पानी में वायरस, फंगस या जहरीले पदार्थों से संक्रमित हो जाता है, तो उसके खाने के बाद कोई व्यक्ति बीमार पड़ जाता है, इसे फूड प्वॉइजनिंग कहते हैं। इसके सामान्य लक्षण हैं- उल्टी और मितली, दस्त, पेट दर्द और ऐंठन, बुखार, कमजोरी और चक्कर। कुछ मामलों में स्थिति इतनी बिगड़ जाती है कि मरीज को अस्पताल में भर्ती करना पड़ता है। फूड प्वॉइजनिंग यूं तो हर उम्र के लोगों को हो सकती है, लेकिन बच्चों और बुजुर्गों के लिए ये बहुत खतरनाक होती है।

**सावधानी है जरूरी:** फूड प्वॉइजनिंग केवल पेट खराब तक सीमित नहीं रहता बल्कि डिहाइड्रेशन, कमजोरी, ब्लड प्रेशर लो, किडनी पर असर, जैसी स्थितियां भी पैदा करता है। फूड प्वॉइजनिंग के चलते अगर मरीज को बार-बार उल्टी, दस्त हो रहे हों, मुंह सूख रहा हो या पेशाब कम आ रही हो, तो साफ संकेत है कि शरीर में पानी की खतरनाक कमी हो गई है। ऐसे में तुरंत ओआरएस, नीबू पानी, नारियल पानी और हल्का तरल भोजन दिया जाना चाहिए। लेकिन डॉक्टर की सलाह के बिना एंटीबायोटिक लेना खतरनाक हो सकता है। क्योंकि कई बार गलत दवा संक्रमण को और ज्यादा बढ़ा देती है। फूड प्वॉइजनिंग होने पर दही-चावल, खिचड़ी और केला जैसे भोजन सुरक्षित रहते हैं। इस दौरान मसालेदार, बाजारू और तले-भुने खाने से पूरी तरह से बचना चाहिए।

**बचाव के उपाय:** फूड प्वॉइजनिंग से बचने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखें।

- खाना हमेशा ढंककर रखें।
- बाजार से खरीदकर लाई गई सब्जियां और फल पहले अच्छी तरह धोएं, पोंछें तब फ्रिज में रखें।
- बासी भोजन बार-बार गर्म कर न खाएं।
- कटे फल देर तक खुले में न रखें।
- खाने से पहले हाथ अच्छी तरह धो लें।
- पीने के लिए साफ, उबला या फिल्टर पानी इस्तेमाल करें।
- उल्टी, दस्त शुरू होते ही शरीर में पानी की कमी न होने दें। *


डॉक्टर्स एडवाइस



डॉ. आकाश शाह

यूरो ऑन्कोलॉजिस्ट-रोबोटिक सर्जन

कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई


स्पेशल: वर्ल्ड ब्लैडर कैंसर अवेयरनेस मंथ (मई)

मुख्य रूप से स्मोकिंग करने और कई अन्य वजहों से ओल्ड एज में यूरिनरी ब्लैडर कैंसर होने का रिस्क बढ़ जाता है। हर साल लाखों लोग इसकी चपेट में आते हैं। इससे बचने के लिए जरूरी है कि हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने के साथ इसके रिस्क फैक्टर्स से खुद को बचाया जाए। साथ ही ब्लैडर कैंसर के शुरुआती लक्षणों को भी इग्नोर न किया जाए। इस बारे में और भी डिटेल में जानिए।

# ब्लैडर कैंसर न करें लक्षणों को इग्नोर



हाल के वर्षों में मूत्राशय कैंसर (ब्लैडर कैंसर या यूरिनरी ब्लैडर कैंसर) के मामले दुनिया भर में बढ़ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार यूरिनरी ब्लैडर कैंसर, दुनिया भर में नौवां सबसे आम कैंसर है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 2022 में दुनिया भर में ब्लैडर कैंसर के 6 लाख से अधिक नए मामले सामने आए थे और इनमें से 2 लाख से अधिक मौतें हुईं थीं।

## क्या है यह कैंसर

जब मूत्राशय (पेशाब की थैली) की कोशिकाओं के डीएनए में उत्परिवर्तन (म्यूटेशन) होता है, तब वे अनियंत्रित होकर बढ़ने लगती हैं और ट्यूमर बनाती हैं। इस स्थिति को यूरिनरी ब्लैडर का कैंसर कहा जाता है। यूरिनरी ब्लैडर (मूत्राशय या पेशाब की थैली) पेट के निचले हिस्से में स्थित एक लचीला और गुब्बारे के आकार जैसा अंग है। इसका मुख्य कार्य किडनी से आए मूत्र को शरीर से बाहर निकलने से पहले अस्थाई रूप से जमा (स्टोर) करना है। कैंसर आमतौर पर यूरिनरी ब्लैडर की अंदरूनी परत में शुरू होता है। हालांकि कैंसर शब्द डरावना है, लेकिन सच यह है कि अगर जल्दी पता चल जाए, तो ब्लैडर कैंसर का सफलतापूर्वक इलाज किया जा सकता है।

## धूम्रपान एक प्रमुख कारण

यूरिनरी ब्लैडर (मूत्राशय या पेशाब की थैली) कैंसर का मुख्य कारण धूम्रपान है, जिसके कारण लगभग 50 प्रतिशत मामले सामने आते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि तंबाकू के हानिकारक रसायन (जिन्हें कार्सिनोजेन कहा जाता है) खून में मिलकर और फिर किडनी द्वारा फिल्टर होकर यूरिन के रास्ते ब्लैडर में जमा हो जाते हैं। यह स्थिति ब्लैडर की परत को नुकसान पहुंचाती है।

अधिकांश लोगों की यह धारणा है, तंबाकू युक्त धूम्रपान से उत्सर्जित होने वाले रसायनों से केवल मुंह या फेफड़े के ही कैंसर होने का जोखिम होता है, जो सही भी है। इस धारणा का दूसरा पहलू भी है। वह यह कि जब हम धूम्रपान करते हैं, तब तंबाकू में मौजूद कैंसर पैदा करने वाले रसायन (कार्सिनोजेन) रक्त में घुल जाते हैं और फिर पेशाब के माध्यम से मूत्राशय में एकत्र हो जाते हैं। इसके परिणामस्वरूप मूत्राशय की परत में जलन और सूजन होती है, जिससे मूत्राशय का कैंसर विकसित होने का जोखिम बढ़ जाता है।

## ये भी हो सकते हैं कारण

स्मोकिंग करने के अलावा ब्लैडर कैंसर होने के कुछ अन्य कारण भी हो सकते हैं।

- 55-60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में ब्लैडर कैंसर के मामले कहीं ज्यादा सामने आते हैं। उम्र बढ़ने के साथ इस कैंसर का खतरा बढ़ता है। पुरुषों में महिलाओं की तुलना में ब्लैडर कैंसर होने की संभावना अधिक होती है।
- पेशाब की थैली यूरिनरी ब्लैडर में बार-बार संक्रमण होना भी कैंसर की वजह बन सकता है, जिसे मेडिकल भाषा में यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन कहते हैं।
- औद्योगिक रसायनों का एक्सपोजर यानी केमिकल एक्सपोजर भी कुछ मामलों में ब्लैडर कैंसर का कारण बन सकता है। उदाहरण के तौर पर रबर, चमड़ा, डाई, कपड़ा और पेंट उद्योगों में काम करने वाले लोग ऐसे माहौल में काम करते हैं, जहां नुकसानदेह रसायन मौजूद होते हैं। ऐसे रसायनों के संपर्क में आने से इस कैंसर के होने का खतरा अधिक बढ़ जाता है।
- ब्लैडर में पथरी या संक्रमण भी कैंसर होने का रिस्क बढ़ा सकते हैं।

## इन लक्षणों को न करें इग्नोर

ब्लैडर कैंसर बीमारी के ज्यादा फैलने से पहले इसके लक्षणों को पहचानना जरूरी है।

**यूरिन म खून आना:** यूरिन गुलाबी, लाल या गहरे रंग का दिख सकता है। बहुत से लोग इस लक्षण को नजरअंदाज कर देते हैं। खासकर अगर दर्द न हो, तो यह मानकर कि यह समस्या किसी मामूली इंफेक्शन से संबंधित है। हालांकि यूरिन में खून का एक बार भी आना कभी भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। इसकी डॉक्टर से जांच करवानी चाहिए।

**बार-बार पेशाब आना:** सामान्य से ज्यादा जल्दी-जल्दी वाशरूम जाने की जरूरत पड़ना, जिसे अकसर सिर्फ बहुत ज्यादा पानी पीने के नाम पर नजरअंदाज कर दिया जाता है।

**अचानक पेशाब आने की इच्छा:** अचानक से बहुत ज्यादा पेशाब करने की जरूरत, जिसे अकसर ओवर एक्टिव ब्लैडर समझ लिया जाता है।



**यूरिन में जलन:** पेशाब करते समय दर्द, जिसे अकसर एक आम यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन (यूटीआई) समझ लिया जाता है।

हालांकि उपरोक्त लक्षण यूरिन से जुड़ी समस्या का संकेत देते हैं और कई मरीजों में आम हैं, ये अपने आप में कैंसर के पक्के संकेत नहीं हैं। इनके लिए मेडिकल जांच की जरूरत होती है।

## डायग्नोसिस के तरीके

अगर किसी व्यक्ति को ये लक्षण महसूस होते हैं, तो घबराएं नहीं। इसके लिए यूरो-ऑन्कोलॉजिस्ट शायद एक रुटीन यूरिन टेस्ट (यूरिन साइटोलॉजी), यूरिन कल्चर, अल्ट्रासाउंड और अगर जरूरत हो तो सीटी स्कैन टेस्ट करवा सकते हैं। अगर जरूरी हुआ तो विशेषज्ञ डॉक्टर एक सिस्टोस्कोपी करवा सकते हैं, जो एक ऐसा प्रोसीजर है, जिसमें एक सूक्ष्म कैमरा ब्लैडर में डाला जाता है- जिससे क्लीयर डायग्नोसिस हो जाता है।

## ब्लैडर कैंसर का इलाज

ब्लैडर कैंसर के उपचार की प्रक्रिया डायग्नोसिस के बाद उसके स्टेज पर निर्भर करती है। शुरुआती स्टेज के कैंसर का इलाज अकसर एंडोस्कोपिक सर्जरी से किया जा सकता है। एडवांस्ड स्टेज के लिए इलाज में कीमोथेरेपी के साथ-साथ यूरिनरी ब्लैडर के ट्यूमर की सर्जरी भी शामिल हो सकती है।

सर्जरी से पहले ट्यूमर को छोटा करने या बाद में बचे हुए कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने के लिए कीमोथेरेपी की जाती है।

यदि सर्जरी संभव नहीं है या कैंसर फैल चुका है, तो कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने के लिए रेडिएशन थेरेपी का सहारा लिया जा सकता है। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

### बचाव के उपाय



यूरिनरी ब्लैडर कैंसर से बचाव का सबसे जरूरी कदम है अतिशीघ्र धूम्रपान से छुटकारा पाना। शरीर से नुकसानदेह विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने के लिए लगातार हाइड्रेट रहें। अगर आप इंडस्ट्रियल केमिकल्स का इस्तेमाल करते हैं तो वर्कप्लेस प्रोटेक्शन का ध्यान रखें। रेग्युलर हेल्थ चेक-अप बहुत जरूरी हैं, खासकर उन लोगों के लिए जिनमें रिस्क फैक्टर हैं। लक्षणों के सामने आने पर डॉक्टर के पास जाने में देरी न करें।

याद रखें यूरिन में एक बार भी खून आना एक मेडिकल इमरजेंसी है। इसके दोबारा होने का इंतजार न करें। तुरंत किसी यूरो-ऑन्कोलॉजिस्ट से मिलें। किसी भी कैंसर का सफल इलाज करने का तरीका है कि उसका जल्दी पता चल जाए और ट्रीटमेंट शुरू कर दिया जाए।


अवेयरनेस

डॉ. मोहसिन वली

सीनियर फिजिशियन

सर गंगा राम अस्पताल, दिल्ली


कोरोना वायरस संक्रमण की महामारी के लगभग पांच साल बाद हंता वायरस संक्रमण से जुड़ी एक खबर ने दुनिया को चिंतित कर दिया है। ऐसे में घबराने के बजाय इस वायरस से संबंधित पूरी जानकारी लेना और सावधानी बरतना जरूरी है। इस बारे में डिटेल में जानिए।

# बहुत संक्रामक है हंता वायरस



हाल ही में एमवी हॉन्डियस क्रूजशिप पर हंता वायरस के मल्टीकाउंटर आउटब्रेक की खबर सुर्खियों में है, जिसमें कई लोग संक्रमित हुए और कुछ मौतें भी हुईं। इसने पूरी दुनिया की स्वास्थ्य एजेंसियों को अलर्ट कर दिया है। वैज्ञानिकों को शक है कि इसमें हंता वायरस का नया एंडीज स्ट्रेन शामिल हो सकता है, क्योंकि कुछ मामलों में मानव-से-मानव ट्रांसमिशन की संभावना है। डब्ल्यूएचओ, सीडीसी और कई देशों की स्वास्थ्य एजेंसियां इसकी निगरानी कर रही हैं। कई देशों में यात्रियों की ट्रेसिंग और आइसोलेशन प्रक्रिया जारी है।

**कैसा है वायरस:** हंता वायरस आर्बो वायरस फैमिली की कैटेगरी में आने वाला जूनोटिक वायरस है, जो मूलतः चूहों और रोडेंट्स से इंसानों में फैलता है। लेकिन हंता वायरस का एक वैरिएंट है, एंडीज स्ट्रेन जो ज्यादा खतरनाक है। इसमें संक्रमण चूहों से नहीं, बल्कि चूहों के मल, मूत्र या स्लाइवा से संक्रमित हुए व्यक्ति के करीबी संपर्क में आने पर दूसरे व्यक्ति को भी हो सकता है। इसकी मृत्यु दर लगभग 40 प्रतिशत है। मेडिकल साइंस की मानें तो हंता वायरस खास किस्म के चूहे, डीआर रैट्स में होते है। यानी ये संक्रमित चूहे हंता वायरस कैरियर होते हैं और वायरस उनके शरीर में मल्टीप्लाई होता रहता है। संक्रमित चूहे अपने मल, मूत्र और स्लाइवा के जरिए हंता वायरस को लगातार अपने शरीर से बाहर निकालते रहते हैं। यह मल, मूत्र जमीन या वस्तुओं की सतह पर सूख जाता है। जब कोई व्यक्ति उस जगह की साफ-सफाई करता है। झाड़ू लगाता है, वैक्यूम करता है या झाड़-पोंछ करता है। तो सतह पर सूखे हंता वायरस के छोटे-छोटे कण धूल के साथ हवा में घुल-मिल जाते हैं। उस हवा में सांस लेने पर हंता वायरस के कण अनजाने में उस व्यक्ति के शरीर में पहुंच जाते हैं और कुछ समय बाद व्यक्ति को संक्रमित कर देते हैं। इस प्रक्रिया को एरोसोलाइजेशन कहते हैं।

**कैसे फैलता है संक्रमण:** एरोसोलाइजेशन प्रक्रिया से। संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में रहने पर। खांसने-छींकने के साथ बाहर निकले ड्रॉपलेट के संपर्क में आने पर। खाने-पीने की संक्रमित चीजों के सेवन से। संक्रमित वस्तुओं या सतह के संपर्क में आने और बिना हाथ धोए, गलती से आंख, नाक या मुंह छूने पर। चूहे के मरने के बाद बाहर निकले वायरस के संपर्क में आने पर।

**संक्रमण के लक्षण:** हंता वायरस का इंक्यूबेशन पीरियड काफी लंबा है। यानी व्यक्ति के शरीर में वायरस पहुंचने के 3-4 सप्ताह बाद संक्रमण के लक्षण दिखाई देते हैं। शुरुआती लक्षण सामान्य फ्लू जैसे होते हैं। बुखार, मांसपेशियों में दर्द, सिर दर्द, थकान, मितली और ठंड लगना। लेकिन समुचित उपचार न मिलने पर मरीज की हालत गंभीर हो जाती है। हंता वायरस फेफड़ों और किडनी पर अटैक करता है। हंता वायरस पल्मोनरी सिंड्रोम (एचपीएस) में वायरस रेस्पेरेटरी ट्रेक से होता हुआ फेफड़ों की ब्लड वैसल्स पर अटैक करता है। फेफड़ों में पानी भरने लगता है, जिससे सांस लेना बेहद मुश्किल हो जाता है। वेंटिलेटर सपोर्ट न मिलने पर व्यक्ति की मौत हो सकती है। हंता वायरस रीनल सिंड्रोम (एचएफआरएस) में किडनी संक्रमित हो जाती है। मरीज को हेमरेजिक बुखार आता है, किडनी में अचानक ब्लीडिंग होने लगती है, पेशाब में खून आने लगता है। कई बार किडनी फेलियर हो जाने पर रोगी की मौत भी हो सकती है।

**रहें सतर्क:** तेज बुखार, अत्यधिक थकान, घबराहट, सांस लेने में तकलीफ, छाती में भारीपन या चेस्ट कंजंक्शन, सांस लेने में दिक्कत महसूस हो रही हो तो डॉक्टर को जरूर कंसल्ट करें।

**कैसे होता है इलाज:** फिलहाल इसका कोई विशेष उपचार नहीं है लेकिन समय पर अस्पताल में भर्ती होने से जीवित बचने की संभावना काफी बढ़ जाती है। इलाज मुख्य रूप से सपोर्टिव केयर पर आधारित है जैसे- ऑक्सीजन सपोर्ट, आईसीयू केयर, हाइड्रेशन, ब्रीदिंग सपोर्ट। मरीज के ब्लड में प्लेटलेट्स कम हो जाते हैं। ऑक्सीजन दिया जाता है, वेंटिलेटर पर रखा जाता है। प्लेटलेट्स ट्रांसफ्यूज किया जाता है।

**बचाव है जरूरी:** हंता वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए सबसे महत्वपूर्ण है, चूहों से दूरी रखना। चूहों की एंट्री घर में न होने पाए। खाने-पीने का सामान खुला न छोड़ें। एयर-टाइट डिब्बों में पैक करें। फल-सब्जियां पानी में अच्छी तरह धोकर इस्तेमाल करें। कोल्ड ड्रिंक कैन लें। उनके ऊपरी हिस्से को अच्छी तरह धो लें। संभव हो तो गिलास में पिएं। रात के वक्त किचन में बचा हुआ खाना या फिर पालतू जानवरों का खाना बिल्कुल खुला न छोड़ें। कूड़ेदान का ढक्कन कसकर बंद रखें ताकि चूहों के आने की आशंका न हो।



ज्यादा गंदगी या चूहों के मल-मूत्र की संदिग्ध जगह की सफाई के लिए झाड़ू या वैक्यूम क्लीनर के बजाय डिसइंफेक्टेंटयुक्त गीला पोंछा लगाएं। जहां तक हो सके, सफाई के दौरान सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करें जैसे- रबर के दस्ताने, अच्छी क्वालिटी का मास्क पहनें। साफ-सफाई के बाद, खाना बनाने या खाने से पहले, भीड़ भरी जगह से आने के बाद साबुन से हाथ अच्छी तरह धोएं। घर के आस-पास की साफ-सफाई का भी ध्यान रखें। हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाएं। इम्यूनिटी मजबूत बनाने के लिए रोजाना घर का बना ताजा, पोषक आहार का सेवन करें, हाइड्रेशन का ध्यान रखें, भरपूर नींद (6-7 घंटे) और रेग्युलर एक्सरसाइज (कम से कम 30 मिनट) करें। *

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

### डायग्नोसिस के तरीके



हंता वायरस से संक्रमण होने की आशंका होने पर मरीज का डायग्नोसिस जल्द से जल्द किया जाना जरूरी है। इसके लिए पीसीआर टेस्ट से संक्रमण की पुष्टि की जा सकती है। इसमें रोगी के ब्लड और यूरिन का टेस्ट किया जाता है।


सजेशन

मधु सिंह


आज के दौर में अनिद्रा और अच्छी नींद न आने से काफी लोग परेशान रहते हैं। इसके लिए अपनी लाइफस्टाइल और डाइट प्लान में बदलाव के साथ कुछ आसान तरीके भी कारगर हो सकते हैं। हाथ-पैरों को गर्म रखना भी उनमें से एक तरीका है।

# अच्छी नींद के लिए हाथ-पैरों को रखें गर्म



अनेक स्थितियों में पैरों का ठंडा हो जाना बेचैनी, परेशानी और असहजता का कारण बन जाता है और इसमें वह स्थिति भी शामिल है, जब हम सोने के लिए अपने बिस्तर में जाते हैं। दरअसल, हमारे शरीर का तापमान हमारी नींद के चक्र को प्रभावित करता है।

## ताप से प्रभावित होती है नींद

ऑस्टिन की यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास में बायोमेडिकल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर केनेथ डिलर के अनुसार, 'आपका शरीर उस समय सबसे अच्छा काम करता है, जब उसका केंद्रीय हिस्सा ठंडा होता है और सिरों या किनारों का हिस्सा गर्म रहता है।' दशकों के शोध से मालूम हुआ है कि जिन लोगों के हाथ व पैर गर्म रहते हैं, वे जल्दी और आराम से सो जाते हैं, उन लोगों की तुलना में जिनके शरीर के ये अंग ठंडे रहते हैं।

## सोने का ताप से संबंध

जब आप सोने के लिए तैयारी कर रहे होते हैं तो आपके शरीर को कूल डाउन करने की जरूरत होती है, यह संकेत देने के लिए कि आराम करने का समय हो गया है। दिलचस्प यह है कि ऐसा करने के लिए हाथों व पैरों को गर्म करने से मदद मिलती है क्योंकि आपका शरीर इनका प्रयोग गर्मी-निकालने (हीट-रिलीज) के क्षेत्र के रूप में करता है। डिलर के अनुसार, जब आपके हाथ व पैर गर्म होते हैं तो त्वचा की ओर रक्त संचार आसानी से होने लगता है, जिससे आपके शरीर के केंद्र से अतिरिक्त गर्मी बाहर निकल जाती है। जब आपके शरीर के केंद्रीय हिस्से का तापमान कम हो जाता है तो आपके दिमाग को संदेश मिलता है कि सोने का समय हो गया है। लेकिन अगर आपके हाथ व पैर ठंडे रहते हैं तो वह गर्मी (हीट) बाहर नहीं निकल पाती, जिससे नींद का आना कठिन हो जाता है। डिलर कहते हैं, 'हाथों व पैरों को गर्म करने से आपका शरीर प्रभावी ढंग से सोने की अवस्था में आ जाता है, वर्ना आप बेचैनी में ही करवटें बदलते रहते हैं, इससे नींद का आना कठिन हो जाता है।'

## हाथ-पैरों को गर्म करने के तरीके

बिस्तर में जाने से पहले हाथों व पैरों को अनेक तरहों से गर्म किया जा सकता है। इनमें से सबसे सरल है-गर्म पानी से स्नान या शावर कर लिया जाए। डिलर आमतौर से शाम को वर्कआउट करते हैं और फिर शावर लेते हैं। अंत में वह तापमान को बढ़ा देते हैं, जो शुरू में थोड़ा सा अधिक महसूस होता है, लेकिन फिर आपको उसकी आदत पड़ जाती है। लेकिन तापमान को 111 डिग्री फॉरेनहाईट से अधिक न बढ़ाएं क्योंकि इससे ऊपर के तापमान पर आपका शरीर जल सकता है। हॉट शावर में जब त्वचा लाल होने लगती है तो यह वास्तव में संकेत है कि रक्त हाथों व पैरों की विशिष्ट वेसल्स में पहुंच रहा है, जो गर्मी को बाहर निकालने के लिए अच्छी तरह से खुल जाती हैं। हीटिंग पैड्स का इस्तेमाल भी किया जा सकता है, लेकिन सोने से पहले उन्हें निकाल देना चाहिए। इसके अलावा आप अपना एक हाथ अपने तकिए के नीचे रख सकते हैं। कुछ देर के लिए इस अवस्था में रहने से तकिए में धंसा हुआ आपका सर्वाइकल स्पाइन का क्षेत्र गर्म होता रहेगा, जो शरीर के तापमान को नियंत्रित करने में मदद करता है। ऐसा करने से कुछ ही देर में हाथ व पैर गर्म हो जाएंगे। इसके अलावा अपने पसंदीदा मोजे पहनकर भी पैर के तापमान को गर्म किया जा सकता है। बहरहाल, आप तरीका चाहे जो अपनाएं, आपका लक्ष्य नींद में शरीर की सबसे बड़ी बाधा को दूर करना होना चाहिए। ठंडे हाथ व पैर नर्वस सिस्टम को सतर्क रखते हैं, गर्माहट उसे आराम करने के लिए प्रेरित करती है। *

